




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 162 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024 www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं चिंतित : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से मैं बहुत चिंतित हूँ। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इसके साथ ही पीएम ने हमले में मारे गए या घायल हुए लोगों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। उन्होंने आगे लिखा, हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं। बता दें, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक चुनावी रैली में गोली मारी गई। अगले ही दिन रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। गोली लगने के बाद ट्रंप ने अपने चेहरे के दाहिने हिस्से को टच किया और फिर जमीन पर गिर पड़े।

### डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से बहुत चिंतित हूँ। ऐसे कृत्यों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूँ नेता प्रतिपक्ष से पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मित्र ट्रंप की सेहत को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा, मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले से मैं बहुत चिंतित हूँ। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

एएसआइ ने एमपी हाईकोर्ट में सौंपी 2000 पेज की रिपोर्ट

# दावा-94 टूटी प्रतिमाएं मिलना मंदिर होने का सबूत मिला

इंदौर / एजेंसी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 23 साल पहले लागू की गई व्यवस्था को क्या हाईकोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर बदल देगा? इधर हिंदू पक्ष के वकील की ओर से दावा किया गया कि सर्वे के दौरान कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो साबित करता है कि यहां मंदिर था। धार जिले के इस 11वीं सदी में बने परिसर का विवाद नया नहीं है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है। हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस की याचिका पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को आदेश दिया था कि वह छह हफ्ते में भोजशाला परिसर की साइंटिफिक्र स्टडी कर अपनी रिपोर्ट सौंपे। हालांकि, रिपोर्ट सौंपने के लिए एएसआई ने और वक्त मांगा। तीन बार समय बढ़ाया गया। चार जुलाई को हाईकोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई तक अपनी पूरी रिपोर्ट सौंप दें। हिंदू फ्रंट ऑफजस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है।



2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने एएसआई को साइंटिफिक्र स्टडी के निर्देश दिए थे। दो हजार पेज की रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। वकील हरि शंकर जैन कहते हैं कि आज बहुत खुशी का मौका है। हिंदू जनता सदियों से धार में पूजा करने के लिए तरस रही थी, जिसके लिए आंदोलन चलाए गए थे और पहली याचिका जो हिंदुओं की तरफ से मैंने दाखिल की थी, उसमें महत्वपूर्ण सफ्लता मिली है। ये बात रिपोर्ट में साबित हो गई, प्रमाणित हो गई है, कोई इसे काट नहीं सकता कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। और वेद शास्त्र, संस्कृत, धार्मिक शिक्षा के पठन-पाठन का कार्य वहां होता था। और उस जगह पर केवल हिंदू पूजा ही हो सकती है। 7 अप्रैल 2003 को जो स्ढ्ढ ने आदेश दिया था, नमाज पढ़ने का, वो असंवैधानिक है। दूसरी बात, 94 से ज्यादा टूटी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। वहां सारे खंभों पर वेद-शास्त्रों के चिन्ह मिले हैं, श्लोक लिखे मिलें हैं। पुरानी कलाकृतियां मिली हैं। और बहुसंख्या में इतनी सामग्री है,कि कोई भी देखकर कह देगा कि यह भव्य पाठशाला और मंदिर था। केवल हिंदू था।

### क्या कहता है हिंदू पक्ष,क्या कहता है मुस्लिम पक्ष?

इससे पहले एक अप्रैल को शीर्ष अदालत ने 11वीं सदी के इस स्मारक के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। भोजशाला को हिंदू पक्ष वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद कहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर प्रतिक्रिया की मांग की है और कहा है कि विवादित सर्वेक्षण के परिणाम पर अदालत की अनुमति के बिना कार्रवाई न की जाए। सर्वोच्च अदालत की पीठ ने स्पष्ट किया है कि भोजशाला के रूप से ऐसी कोई भी छेड़छाड़ न की जाए, जिससे बाद में सवाल उठें। धार भोजशाला का इतिहास वर्षों पुराना है। अंग्रेजों के शासनकाल में एएसआई ने धार भोजशाला का सर्वे किया था। उस समय की रिपोर्ट में मंदिर के अलावा परिसर के एक हिस्से में मस्जिद का उल्लेख भी किया गया था।

सफल हुआ प्लान को एनडीए को होगा बड़ा नुकसान!

## बीजेपी के साथ खेला करने की तैयारी में सीएम नीतीश कुमार..

नई दिल्ली/ एजेंसी



झारखंड के विधायक सरयू रॉय की पार्टी (भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा) आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की जद (यू) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ सकती है। रॉय ने पटना में बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार से मुलाकात की और झारखंड में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत दिया। बैठक के बाद रॉय ने यह भी बताया कि उनकी पार्टी गठबंधन में चुनाव लड़ेगी या नीतीश कुमार की जेडीयू के साथ विलय करके, यह राजनीतिक स्थिति के आधार पर तय किया जाना बाकी है। बैठक में बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और एमएलसी संजय मांझी शामिल थे। बैठक पूरी तरह से आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों पर केंद्रित थी। रॉय ने अपने ट्विटर हैंडल पर भी कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों में हमारी संभावित भूमिका के बारे में एक संक्षिप्त लेकिन उपयोगी चर्चा हुई। हम साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर सहमत हुए। जद (यू) नेतृत्व जल्द ही शेष चुनावी औपचारिकताओं पर फैसला करेगा। सरयू राय ने आगे कहा कि बैठक सकारात्मक रही और जल्द ही झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने की बाकी औपचारिकताओं पर जेडीयू केंद्रीय नेतृत्व के साथ एक और बैठक होगी। उन्होंने कहा, फ्रि सीट बंटवारे पर बातचीत होगी, जिसका विवरण जल्द ही मीडिया के साथ साझा किया जाएगा। सरयू राय ने यह भी पुष्टि की कि वह जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

### अमरनाथ यात्रा : 15 दिन में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**जम्मू।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से पिछले 15 दिनों में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। रविवार को 4,889 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा कि पिछले 15 दिनों के दौरान लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। 4,889 यात्री आज सुबह दो सुरक्षा काफिलों में भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। पहला सुरक्षा काफिला 78 वाहनों में 1,896 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3ः05 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

वंदेभारत को लेकर ये एलान कर सकती हैं वित्त मंत्री

## रेलवे को मिल सकते हैं नए.. इकनॉमिक कॉरिडोर-निर्मला

नई दिल्ली/ एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। इसे लेकर सभी तरह की तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा रहा है। आम बजट में भारतीय रेलवे और आम यात्रियों के लिए क्या कुछ खास होगा। यात्रियों को क्या नई सुविधाएं मिलेगी इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आम बजट में 3 से 4 नए इकनॉमिक कॉरिडोर का एलान हो सकता है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत कोल और मिनरल के लिए अलग कॉरिडोर बनाने का एलान हो सकता है। वहीं, देश में पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलाने की घोषणा इस बजट में हो सकती है। इसके अलावा बुलेट ट्रेन के नए रूट्स का एलान किया जा सकता है। स्टेशन पुनर्विकास और गति शक्ति मिशन को भी प्राथमिकता मिल सकती है। वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। रेल दुर्घटनाओं को देखते हुए बजट में ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच के लिए निर्धारित राशि में बढ़ोतरी की जा सकती है। रेलवे के जानकारों का कहना है कि बीते दिनों कई छोटी-बड़ी रेल दुर्घटना हुई हैं। इसे देखते हुए सरकार को इस बजट में यात्री सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा पर फोकस बढ़ाना चाहिए। सरकार ने अंतरिम बजट 2023 में एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर बनाने का एलान किया था।

जेपी नड्डा की मौजूदगी में होगा मंथन

## उपचुनाव में बीजेपी को क्यों मिली एक सीट....

शिमला। एजेंसी



हिमाचल प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति और पदाधिकारी की बैठक 18 और 19 जुलाई को ऊना जिला में होगी। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों की मानें तो अभी तक सभी पदाधिकारी को इसके लिए फोन नहीं आए हैं। भाजपा ने इस बार उपचुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वाले या फ्रि निष्क्रिय रहने वाले पदाधिकारियों को बैठक में बुलाने से ही परहेज किया है। ऐसे पदाधिकारियों को इन बैठकों के लिए अभी तक फोन तक नहीं गए हैं। प्रदेश में हुए उपचुनाव के दौरान भाजपा को तीन में से दो सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। महज एक हमीरपुर की सीट पर ही जीत मिली है। इसमें भी जीत का अंतर न के बराबर है।

### बिजली के बॉक्स से छेड़छाड़ कर रहा था शख्स, करंट लगने से मौत; सीसीटीवी में घटना कैद


**ठाणे।** ठाणे के मीरा भयंदर इलाके में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला वसई पूर्व स्थित अग्रवाल उद्योग नगर का है। शनिवार (13 जुलाई) की देर रात करीब एक बजे के आसपास ये घटना घटी। बताया जा रहा है कि व्यक्ति चोरी के इरादे से आया था। तभी शख्स ने इलाके में लगे बिजली के बॉक्स संग छेड़छाड़ की कोशिश की। तभी उसे अचानक करंट लग गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

शंकराचार्य ने कहा- विश्वासघात धर्म के अनुसार पाप

## जब तक ठाकरे सीएम नहीं बन जाते,मन को शांति नहीं मिलेगी' शंकराचार्य ने कर दी ये बड़ी घोषणा

■ अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले- सहनशील होते हैं हिंदू

**मुंबई।** उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को उद्धव ठाकरे से उनके आवास मातोश्री पर मुलाकात की। वह ठाकरे के घर एक पूजा समारोह में आए। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की और कहा कि उद्धव ठाकरे विश्वासघात के शिकार हुए हैं। मैं इस बात से काफी दुखी हूं। मेरे साथ अन्य लोग भी काफी दुखी हैं और जनता का यह दुख तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक वह दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन जाते हैं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मैंने आज शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे के अनुरोध पर उनसे उनके बांद्रा स्थित आवास पर मुलाकात की। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे विश्वासघात के शिकार हैं। उद्धव ठाकरे के साथ जो विश्वासघात हुआ है, इससे मैं ही नहीं कई अन्य लोग भी दुखी हैं। शंकराचार्य ने कहा कि जब तक वे दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन जाते, लोगों का दर्द कम नहीं होगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने



कहा कि उन्होंने (उद्धव) कहा कि वह हमारे आशीर्वाद के अनुसार जो भी आवश्यक होगा, करेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि विश्वासघात सबसे बड़ा पाप है। जो विश्वासघात करता है, वह हिंदू नहीं हो सकता। जो विश्वासघात को सहन करता है, वह हिंदू है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की पूरी जनता विश्वासघात से दुखी है और यह हाल के (लोकसभा) चुनावों में भी झलकता है। हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन हम विश्वासघात की बात कर रहे हैं जो धर्म के अनुसार पाप है। स्वामी सरस्वती ने कहा कि बीच में सरकार तोड़ देना ही जनता का अनादर करना करना होता है, जो अच्छी बात नहीं। जनता ही सर्वोपरि होती है। बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए थे।

आबादी वाले गांव में खेत-खलिहान, सड़क सब डूब चुकी

# गंडक नदी की बाढ़ ने गोपालगंज के आधा दर्जन प्रखंडों में मचाई तबाही,40 गांव बाढ़ से घिर......

गोपालगंज/ एजेंसी

नेपाल में हुई लगातार बारिश से गोपालगंज से होकर गुजरने वाली गंडक नदी उफान पर है। गोपालगंज के आधा दर्जन प्रखंडों में बाढ़ के हालात बने हैं। गंडक नदी के रौद्र रूप से निचले इलाके में बसे 40 गांव और मोहल्ले बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। आबादी वाले गांव में खेत-खलिहान, सड़क सब डूब चुकी हैं। चारों तरफबाढ़ का पानी फैल चुका है। सड़कों पर दो से तीन फुट पानी बह रहा है। दर्जनों गांव का मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को गंडक नदी खतरे के निशान से 1.44 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। सदर प्रखंड के राजवाही गांव में हालात बेहद खराब हैं। यहां गंडक नदी से आई बाढ़ में फूसनुमा घर डूब गए। रामनगर गांव में भी हालात बेहद खराब हैं। यहां प्लस टू विद्यालय, मिडिल स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का आधा हिस्सा बाढ़ के पानी में डूब चुका है। जान जोखिम में डालकर लोग सड़क पार करने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि सरकार और प्रशासन की ओर से नाव का इंतजाम नहीं किया गया है। जगिरी टोला पंचायत में बाढ़ के हालात से बेजुबान पशु भी परेशान हैं। पानी में दिन-रात रहने के लिए मजबूर हैं। इलाके में सबसे ज्यादा



परेशानी पीने के लिए पानी को लेकर है। चापाकल पहले ही डूब चुके हैं। पंचायत स्तर पर लगाई गई पानी टंकी से आपूर्ति भी बंद हो चुकी है। इलाके में एहतियातन बिजली आपूर्ति काट दी गई है। आने-जाने के लिए नाव एकमात्र सहारा है, लेकिन सरकारी स्तर पर नाव का इंतजाम नहीं किया गया है। मुंगरहा के बाढ़ पीड़ित आरती देवी, पवन यादव तथा उप सरपंच टुनटुन का कहना है कि एक नाव जादोपुर थाना स्तर पर मिली है, जिसे थाने में जमा करने के लिए कर्मचारी दबाव बना रहे हैं। बाढ़ग्रस्त इलाके में डीएम या बीडीओ-सीओ तक हालात का जायजा लेने नहीं पहुंच रहे हैं। इससे बाढ़ पीड़ितों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि हर साल बाढ़ आती है और छह प्रखंडों के निचले इलाके में बसे गांवों में तबाही मचाती है। आज कोई नई बाढ़ नहीं आई है। सरकार और प्रशासन के स्तर पर बाढ़ से स्थायी निदान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया जाता है।

वीसी के जरिए अदालत में हुए पेश

## 22 जुलाई तक बढ़ाई गई सिसोदिया की हिरासत....



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने 30 अप्रैल को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने सीबीआई और ईडी के साथ-साथ सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन सांसद विजय बघेल के आथित्य में संपन्न



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग ज़िला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं स्वावलंबी योग अकादमी एवं प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से आमायरा पैलेस गंज पारा दुर्ग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 10 वर्ष से लेकर 28 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभगियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक योगासना सिंगल, आर्टिस्टिक योगासना पेयर व रिदीमिक योगासना पेयर अलग - अलग इवेंट में शहर व ग्रामीण अंचल के प्रतिभागियों ने अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा थे। सांसद श्री बघेल ने जिला स्तरीय योगासना खेल प्रतियोगिता के सभी पदाधिकारियों को इस बेहतर आयोजन के लिए प्रशंसा की, उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों व उनके पालकों से योग को दैनिक जीवन मे शामिल करने का सलाह दिया। तत्पश्चात प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सांसद के करकमलों से प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया इस कार्यक्रम में अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले प्रतिभागी, अब आगामी राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच आनन्द सिंह ने दी।

### इस्कॉन ने निकाली रथयात्रा, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालू



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** इस्कॉन संस्था ने शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली। यह रथयात्रा अग्रवाल धर्मशाला में संचालित इस्कॉन प्रचार केंद्र से प्रारंभ हुई। जो मान होटल चौक, इंदिरा मार्केट, पोलसायपारा मार्ग, अग्रसेन चौक, ग्रीन चौक, राजेंद्र पार्क चौक, बस स्टैंड चौक का भ्रमण करते हुए अंत मे गंजपारा पुरानीगंज मंडी पहुंचकर समाप्त हुई। सुसज्जित रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को विराजमान किया गया था। जो आकर्षण का केन्द्र रहे। रथयात्रा में पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर भगवान श्री की पूजा-अर्चना किए और शहर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इसके अलावा रथयात्रा में श्रद्धालू बडी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालू रथयात्रा के दौरान हरि नाम की धुन पर नाचते गाते रहे और अपनी आस्था व श्रद्धा प्रकट करते रहे। इस्कॉन प्रचार केन्द्र प्रमुख अनंत श्याम दास ने कहा कि यह रथयात्रा इस्कॉन संस्था द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाएगी। रथयात्रा में इस्कॉन संस्था के सदस्य कीर्तप्रसाद साहू के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### मोबाईल टॉवर की बकाया राशि के भुगतान के लिए फरियादी ने लगाई कलेक्टर से गुहार

**राजनांदगांव।** मोबाईल टॉवर कंपनी द्वारा लंबे समय से किराये की राशि का भुगतान न करने से क्षुब्ध एक भूमिस्वामी ने किराये के बकाया भुगतान के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत करने की खबर सामने आई है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से की गई शिकायत में इसका साफउल्लेख किया है कि, जीओ (रिलायंस) कंपनी ने उनके स्वामित्व वाले भूखंड में मोबाईल टॉवर स्थापित किया था। लगभग दो वर्ष पूर्व कियायेनामा का नवीनीकरण कराने और तय रकम 35000 रूपये प्रतिमाह भुगतान करने का भी उक्त करार में उल्लेख था, किन्तु लगभग दो साल बाद भी उक्त कंपनी वादाखिलाफी करते हूए न तो बकाया किराये की रकम का ही भुगतान कर रही है और न ही भूखंड में लगे टॉवर को ही हटा रही है। ऐसे में भूमिस्वामी उक्त भूखंड का न तो स्वयं ही उपयोग कर पर रहा है और न ही उसे किसी अन्य व्यक्ति को व्यवसायिक दृष्टिकोण से किराये पर ही दे पर रहा है। उक्त भूखंड पर टॉवर सहित और भी कई यांत्रिक सामग्रियां है जो भूखंड में बिखरी पड़ी है, ऐसे में किराया समय पर न दे पाने और बकाया किराये की समस्त रकम का भुगतान न हो पाने की स्थिति में भूमिस्वामी उक्त टॉवर और यांत्रिक सामग्रियों को हटाता भी है तो इसके एवज में खर्च भी अधिक होगा और टॉवर को वहां से हटाना भी संभव नहीं होगा।

# छेरकापुर से कोनारी मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण मे बरती गयी लापरवाही

**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बन रही सड़क छेरकापुर मोड़ से छेरकापुर गांव तक की सड़क में किया जा रहा सरेआम भ्रष्टाचार।शासन प्रशासन बेखबर है। बता दें इस मानक विहीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के बनने से पूरे क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि ज़ब रोड कार्य आचार सहिंता के दौरान चल रहा था कार्य पूर्ण होने के 15 दिवस बने हुए थे तभी रोड जीर्ण शीर्ण होने लगा था जिसे समाचार के माध्यम से पत्राचार किया गया था जिस पर तत्कालीन कलेक्टर के एल चौहान द्वारा विभाग के अधिकारीयों मामले को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को गया किन्तु विभाग के अधिकारी और इंजिनियर द्वारा चुनाव चल रहा है करके ध्यान नहीं दिया गयालेकिन आज कि स्थिति मे और बुरा हाल नजर पड़ रही है साथ ही साथ मानो रोड की स्थिति कई वर्ष पुराना हो गया प्रतीत हो रहा है ग्रामीणों का कहना है कि इससे अच्छा तो पहले था ज़ब रोड कच्ची थी अभी तो रोड पक्की हो गयी




है फिर भी कच्ची रोड से गैर गुजर हो गया है ग्रामीण बताते है कि ज़ब रोड निर्माण कार्य हो रही थी जिस मानक से मटेरियल डाली जानी चाहिए थी उस मानक के अनुसार नहीं डली जिसके फलस्वरूप आज 15 दिन मे ही रोड उखड़ने लगे साथ ही ज़ब रोड बनाये जा रहे थे तो समय मे पर्याप्त मात्रा मे पानी पानी नहीं डाला गया रोड से लगे घरों के व्यक्तिओ ने बताया गया कि ज़ब रोड बन रहा था तब केवल एक से दो ही पानी डाले है जिस वजह सही तरीके से मटेरियल पक नहीं पायी और जिससे रोड उखड़ने लगे है ग्रामीणों का यह भी कहना है कि रोड निर्माण के दौरान रखरखाव मे लापरवाही बरती गयी है और रोड निर्माण के दौरान सम्बंधित ठेकेदार के लोग नहीं होने से कच्चे मटेरियल के उपर ही वाहन चलाय जाने से गड्ढे हो गए है जिससे वहा पर पानी जाम हो जाता है।

**सड़क बनी जानलेवा-** सड़क निर्माण आफ्त बनने के कगार पर जगह-जगह सड़क में दरारें पड़ चुकी है. साथ ही सही ढंग से कांक्रिटकरण नहीं होने के कारण सड़क में बड़े-बड़े गिट्टी उखड़ हुए हैं. जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क निर्माण में कुछ दूरी को सीसी रोड बनाया गया है, वो भी घटिया निर्माण होने के कारण सड़क में जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है कांक्रिट उखड़ने के कारण लगे छड़ बाहर निकल आये है बरसात लग जाने के कारण रोड अपने आप को ग्रामीण तालाब का रूप धारण कर रही है जिससे आवागमन करने वाले राहगीरो गाँव के व्यक्तियों रात्रिकालीन मवेशियो छोटे बच्चे पर दुर्घटनाओ के संभावनाये सबसे ज्यादा रहेगी सम्बंधित विभाग न तो सुधार जैसा पहल कार्य कर रही है।

# दुर्ग की ड्रोन दीदी की सफलता के उड़ान की कहानी

**बेटी के शौक पूरा करने शुरू किया मशरूम का उत्पादन, साल भर में हो गई लाख रूपए की कमाई**

### मशरूम की खेती से एसएचजी दीदी को मिली जीवन नई उड़ान



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिले के छोटे से गाँव मतवारी में रहने वाली जागृति साहू की कहानी प्रेरणा से भरी हुई है। पढ़ी-लिखी जागृति ने दो विषयों में पोस्टग्रेजुएट और बी.एड. की डिग्री प्राप्त की है। बचपन से ही जागृति का सपना था कि वह एक शिक्षक बने, लेकिन किस्मत ने कुछ और ही लिखा था। किसी कारणवश वह अपने इस सपने को पूरा नहीं कर पाई, जिससे वह निराश हो गईं। जागृति के पति श्री चंदन साहू बताते है कि शिक्षक न बन पाने से जागृति के व्यवहार में बहुत परिवर्तन आया। निराशा की वजह से वे ज्यादा बात भी नहीं करती थी। वे कहते हैं ''मैंने उस वक्त सोचा कि किसी काम में व्यस्त होने से शायद इनका मन लगे। चुंकी मेरी बेटी और मुझे मशरूम बहुत पसंद था तो मैंने उन्हें मशरूम की खेती करने का सुझाव दिया। बेटी की पसंद की वजह से जागृति ने यह कार्य प्रारंभ किया। देखते ही देखते बेटी की छोटी सी पसंद के लिए शुरू किया गया कार्य जागृति को उंचाईयों तक ले गया। धीरे-धीरे, उन्होंने अपनी रुचि को बढ़ाते हुए हर्बल गुलाल और घरेलू वस्तुएं बनानी शुरू कीं। साल 2019 में, जागृति ने 33 लाख रुपये का मशरूम बेचा, जो उनके मेहनत और समर्पण का परिणाम था। जागृति ने अपने साथ और महिलाओं को भी मुनाफ़ा दिलाया। वे अपने आस पास के गाँव की दीदियों को भी प्रशिक्षण देकर स्वावलंबन की राह दिखाई।'' जागृति के कार्यों में व्यवसाय के साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी दिखता है। वे बताती हैं की जब उन्हें कैमिकल वाले गुलाल से होने वाले नुक़सान के बारे में पता चला तब उन्होंने उसके विकल्प के बारे में सोचना शुरू किया। थोड़े अध्ययन के बाद उन्होंने पाया की घर पर उगने वाली साग-भाजी और फूलों से ही हर्बल गुलाल बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने समूह की दीदियों के साथ मिलकर हर्बल गुलाल का उत्पादन प्रारंभ किया। पहले वर्ष समूह की दीदियों ने केवल 35 हज़ार रुपये का गुलाल विक्रय किया। पिछले वर्ष उनके समूह को हर्बल गुलाल के लिए बहुत सारे ऑर्डर्स आए, उन्होंने लगभग 8 लाख 25 हज़ार रुपये की बिक्री की। जागृति का सफ़र यहीं नहीं रुका। जागृति ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया और एक सामान्य महिला से अपनी अलग पहचान बनाई। मशरूम की खेती से नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने पर उन्हें मशरूम लेडी ऑफ़ दुर्ग कहा जाने लगा। जागृति का सफ़र एक सामान्य महिला से लेकर लखपति दीदी बनने और आज ड्रोन दीदी के रूम में कृषि को उन्नति की ओर ले जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल नमो ड्रोन दीदी में चयनित होकर उन्होंने ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण लिया। आज वह एक प्रमाणित ड्रोन पायलट हैं और 'ड्रोन दीदी' के नाम से जानी जाती हैं। ड्रोन के माध्यम से वह खेतों में दवाइयों का छिड़काव करती हैं और इस नई तकनीक का लाभ किसानों तक पहुंचाती हैं।

# छत्तीसगढ़ियों के जान से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार : विजय साहू

### आदिवासियों की मौत साय-साय सरकार कुंभकर्णी निद्रा में : छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू ने आदिवासियों के मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ियों के जान से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार विशेष संरक्षित जनजाति होने के बावजूद सोनवाही के बैगा आदिवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। कवर्धा के बोड़ला ब्लॉक के सोनवाही गांव में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित बैगा जनजाति के 5 लोगों की डायरिया से मौत दु:खद है। 5 मौतें होने के बाद विष्णुदेव सरकार की नींद टूटी है और कल से मच्छरदानी वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण और दवाई वितरण शुरू हो सका है, अब तक 25 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं। एक परिवार में 5 सदस्य हैं, लेकिन सिर्फ एक मच्छरदानी दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री का क्षेत्र, केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पूर्व में भी कवर्धा के ही कोलियारी और दैहानडीह में उल्टी-दस्त के चलते मौतें हो चुकी हैं, लेकिन सरकार सत्ता सुख में कुम्भकर्णी निद्रा में है। हम सरकार से मांग करते हैं कि सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा राशि एवं सभी बैगा आदिवासियों को समुचित मच्छरदानी व आवश्यक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जाए।

# अवैध महुआ शराब बनाने एवम बिक्री करने वालो पर साँकरा महासमुन्द पुलिस की कार्यवाही




### आरोपीयो के कब्जे से 120 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार

### सायबर सेल और थाना सांकरा की सयुंक्त कार्यवाही

**बसना ( समय दर्शन )।** सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले के उपर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था जिसके तहत् समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों व सायबर सेल महासमुन्द की टीम द्वारा अपने अपने क्षेत्र मे लगातार गस्त पेटोलिग कर मुखबिरो को सजग कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले एवं मादक पदार्थ परिवहन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। कि दिनांक 14.07.2024 को जरिये मुखबिर सुचना मिली कि ग्राम अंसुला में 02 व्यक्ति अवैध महुआ शराब की बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के निशानदेही पर ग्राम अंसुला 02 व्यक्ति को घेराबंधी कर पकडा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम (1)रामप्रसाद मांझी पिता सहदेव मांझी उम्र 35 वर्ष साकिन गोपालपुर थाना पिथौरा महासमूंद (2) शिव शंकर मांझी पिता बहादुर मांझी उम्र 43 वर्ष साकिन गोपालपुर थाना पिथौरा महासमुंद का निवासी होना बताये। जिनके कब्जे से दो नीले रंग की 100लीटर क्षमता वाली ड्रम में 55-55 लीटर एव दो सफेद प्लास्टिक झिल्ली में 5-5 लीटर भरा हुआ कुल 120 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब मिला। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया जो उक्त शराब को रखने एवं बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस की टीम के द्वारा 120 लीटर महुआ शराब कीमती 24000 रूपये जप्त कर थाना सांकरा में अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर उक्त प्रकरण में गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमाडं पर भेजा गया।

# गौ-रक्षा हेतु कड़े कानून बनाने बजरंग दल ने रखी मांग

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन ने साय सरकार से गौ रक्षा हेतु कड़े कानून लागू करने की मांग की है। वर्षों से गौ वंशो के साथ अनेक अत्याचार किया जा रहा है, कहीं तस्करी तो कहीं गौ पालकों द्वारा गौ को छोड़ा जाना, गौ के जीवन के लिए अत्यंत पीड़ादायक हो गया है। राजनांदगांव छग राज्य की बॉर्डर होने के कारण तस्करी यहां धड़ल्ले से होती है, जिसके लिए संगठन के बजरंगी अपनी जान पर खेल के रोकने का प्रयास करते है, जिस पर तस्कर उन्हें घायल और मारने का भी प्रयास करते है। कई बार तो ये भी देखा गया है कि पुलिस प्रशासन भी इन तस्करों के हमले से घायल हुआ है।



छत्तीसगढ़ को गाय विहीन होने से बचाने संगठन समय-समय पर आंदोलनों और ज्ञापनों के माध्यम से शासन-प्रशासन से गौ के लिए अनेक मांगे की है, परंतु उनका प्रभाव कुछ समय तक ही देखने को मिला है। शासन द्वारा नए और कड़े कानून निर्माण की अवश्यकता है, जिसके लागू होने पर गौ के साथ क्रूरता कर आजीवन कारावास जैसी व्यवस्थाएं हो, इन्हें जघन्य अपराधों की श्रेणी में रखा जाए तथा प्राथमिकता से इन अपराधो परं सजा का प्रावधान हो, जिस से समाज में गौ क्रूरता पर कमी आए। ऐसे उपाय सुनिश्चित किए जाए, जिस से ग्रामों और शहरों में गौ ना छोड़े जाए और गौ उत्पादों का निर्माण उपयोग के प्रचार-प्रसार हो, जिस से गौपालाक को जीविका चलाए जाने दूध के अलावा गोबर और मूत्र का भी उपयोग पता चले तथा शासन प्रदर्शनी के माध्यम से इन उत्पादों के विक्रय की व्यवस्था करे। सरकार योजना लाकर गौपालकों को मासिक देय राशि की व्यवस्था कर सकती है, जिससे लोगों पर गौपालन का भार मुक्त हो और ज्यादा से ज्यादा संख्या में गौ वंशों का पालन घरों में हो, ताकि गौ वंश संरक्षण सवर्धन पर छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान हासिल करे। वहीं गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि हाईवे और नगर निगम पूर्ण रूप से गौ से भरा हुआ है, जिससे एक्सीडेंट और मृत्यु को बढ़ावा मिला है। नगर निगम उचित जगह पर ब्रेकर और बेरिकेट्स की व्यवथा बनाये, ताकि कोई भी हादसे का शिकार ना हो, हिन्दू धर्म में गाय को एक पवित्र और पूजनीय पशु माना जाता है। गायों को दिव्य और पालन-पोषण करने वाली मां के रूप में देखा जाता है, जो सभी जीवित प्राणियों को पोषण और जीविका प्रदान करता है, इसलिए गौ माता का संरक्षण और सवर्धन हमारा परम कर्तव्य भी तो है।

# सेलुद से पतोरा रोड़ में स्ट्रीट लाईट लगवाने ग्रामवासियों ने की मांग

**श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य ने एक दिवसीय आधार कार्ड अपडेशन शिविर के लिए दिया आवेदन**

### उरला स्थित 'हमर क्लीनिक' में डॉक्टर उपलब्ध कराने दिया आवेदन

### जनदर्शन में आज 157 आवेदन प्राप्त



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 157 आवेदन प्राप्त हुए।

बोरसी के ग्रामवासियों ने बोरसी में लगने वाले एयरटेल टॉवर को हटाए जाने की मांग की। ग्रामवासियों का कहना है कि बोरसी ग्राम सघन आबादी क्षेत्र होने के टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन से स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बड़े बुजुर्ग एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद द्वारा हमर क्लीनिक में डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उरला स्थित 'हमर क्लीनिक' में विगत चार माह से डॉक्टर नही होने के कारण ग्रामवासियों को चिकित्सीय सुविधा के लिए अन्यत्र स्थान जाना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

छात्र पालक संघ ने स्कूल भवन निर्माण को शीघ्र पूर्ण करवाने की गुहार लगाई। वार्ड 37 में स्थित लाल बहादुर शास्त्री शासकीय विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण विद्यालय को तोड़ने के पश्चात पुर्ननिर्माण किया जाना था, किन्तु आज दिनांक तक निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है। उक्त विद्यालय के बच्चों को 3 किलोमीटर दूर सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय विद्यालय में अस्थाई रूप से दो कमरों में शिक्षण कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने कमिश्नर नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम सेलुद निवासियों ने सेलूद पटेल चौक से पतोरा रोड़ में विद्युतीकरण कर स्ट्रीट लाईट लगवाने की मांग की। इस सड़क से प्रतिदिन आम जनता एवं कामगारों का रात में भी आना-जाना लगा रहता है। रात में अंधेरा होने के कारण आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युतीकरण हो जाने से किसानों को ट्यूबवेल से पानी लेने से खेती करने में सुविधा होगी। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई नगर के प्राचार्य ने एक दिवसीय आधार कार्ड अपडेशन हेतु शिविर लगाने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने चिप्स अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सार समाचार

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** माना एवं मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने एससीसी सीमेंट फैक्ट्री के पास आरोपी संजय बंजारे 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी शंकर दास मानिकपुरी 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला व मासूम बच्चे की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** तरपोंगी नेशनल हाइवे 30 पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार महिला और उसकी मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गिरोला निवासी तिलकराम अपनी पत्नी विजेता साहू 26 वर्ष और अपने 3 माह के पुत्र हिमांशु को बाइक क्रमांक सीजी 04 बीडी 7012 से लेकर अपने ससुराल जा रहा था। तभी नेशनल हाइवे 30 स्थित तरपोंगी के पास कार क्रमांक सीजी 04 एमसी 6260 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विजेता और उसकी मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तेरह नशेड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने अमलीडीह शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आरोपी गिरधर जांगड़े 57 वर्ष एवं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी रूस्तम साहू 29 वर्ष, वरूण यादव 23 वर्ष व प्रकाश साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने आरोपी राजेश बाग 21 वर्ष व माधव बाग 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी घनश्याम रात्रे 30 वर्ष व मंगल डहरिया 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठजनों के अनुभव का लाभ हर व्यक्ति उठाए - श्री अरुण साव

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सियान सदन भवन का किया लोकार्पण

### बुजुर्ग समाज के गौरव, उनके मार्गदर्शन को आत्मसात कर आगे बढ़ें - तोखन साहू



**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आज मुंगेली जिले के रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नवनिर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण किया। रामगढ़ में करीब 20 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन का निर्माण किया गया है जिसमें एक हाल, दो कक्ष और दो शौचालय हैं। कार्यक्रम में आनंदाश्रम के 17 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस नवनिर्मित सियान सदन में अब हमारे वरिष्ठजन अपनी विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकेंगे। वरिष्ठजनों के पास जो अनुभव का खजाना है, उसका लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। श्री साव ने कहा कि आज का दिन उनके लिए बहुत खास है। जिनके हाथों को पकड़कर वे चलना और पढ़ना सीखे, आज सभी वरिष्ठजन यहां मौजूद हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से मैं इस मुकाम तक पहुंचा हूं। उन्होंने सियान सदन परिसर में ट्यूबवेल कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कार्यक्रम में कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज के गौरव हैं। उनके मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए हम सब अपने समाज और देश का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने रामायण की चौपाई को उद्धृत करते हुए बुजुर्गों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस संसार में सबसे बड़े भगवान हमारे माता-पिता और गुरु हैं। आज हम जहां भी पहुंचे हैं, ये सब उन्हीं के आशीर्वाद का फल है। यदि किसी घर में वरिष्ठ लोगों की बात सुनकर युवा का मन प्रफुल्लित हो जाए, तो समझ लो वहां रामराज आ गया। कार्यक्रम को मुंगेली के कलेक्टर श्री राहुल देव और वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रांताध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश देवरस ने भी संबोधित किया। मुंगेली जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, मुंगेली नगर पालिका के उपाध्यक्ष श्री मोहन मल्लाह, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष श्री पवन पाण्डेय और बी.आर. साव ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विनय गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक संघ के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में इस दौरान मौजूद थे।

# पौधा रोपण के साथ पर्यावरण की रक्षा से बढ़ा पुण्य का कार्य कोई और नही - संतोष सिंह

### पर्यावरण प्रेमी संगठन और पत्रिका समूह के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस आवासीय कालोनी में किया गया वृक्षारोपण

**रायपुर( समय दर्शन )।** पौधा रोपण के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के कार्य से बढ़ा पुण्य का और कोई कार्य नही हो सकता, आज देश दुनिया ग्लोबल वर्मिंग जैसी बड़ी समस्या का सामना करने के लिए मजबूर है। ऐसे कठिन समय में हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करने के साथ साथ वृहद स्तर पर वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा ताकि अपने प्रदेश सहित देश को हरा भरा कर दूषित पर्यावरण से मुक्ति दिला सकें। उक्त बातें पर्यावरण प्रेमी संगठन और पत्रिका समूह के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस आवासीय कालोनी अमलीडीह में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर एसएसपी ने कही। एसएसपी संतोष सिंह ने पर्यावरण प्रेमी संगठन और पत्रिका समूह के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा की इस आयोजन में वृक्षारोपण के साथ ओम हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण केम्प भी लगाया गया है, वहीं अनुपम गार्डन समिति द्वारा जुम्बा का आयोजन एक तरह से काकटेल कहना उचित होगा। क्यूंकि एक आयोजन में तीन से चार बेहतर कार्यक्रमों का समायोजन है, और इस तरह का आयोजन बहुत कम ही देखने को मिलता है। नशा के खिलाफ एसएसपी संतोष सिंह ने कहा की पुलिस द्वारा बड़े स्तर पर निजात अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान के माध्यम से नशा से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, नशा करने से घर बनते नही है बल्कि परिवार तबाह हो जाता है। इस कारण मै सभी से आव्हान करता हूं की नशा प्रेमियों को जागरूक करते हुए उनसे नशा का त्याग करवाएं ताकि कोई परिवार उजड़ने, या बिखरने से बच सके। इस आयोजन के दौरान अनुपम गार्डन समिति द्वारा आकर्षक जुम्बा का आयोजन किया गया जिसमें कालोनी वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं ओम हॉस्पिटल द्वारा फ्री हेल्थ चेकप केम्प लगाकर कर कालोनी वासियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि नानू ठाकुर, पर्यावरण प्रेमी संगठन के प्रान्त अध्यक्ष आर डी दाहिया, वेद व्यास मिश्रा, आर आर वैष्णव, सतेन्द्र पंथ, भागीरथी अग्रवाल, हरदीप कौर, प्रकाश राव, के आर पुरोहित जी लेखमणि सिंह, माधव राय, सीआर परसे, सहित बड़ी संख्या में पुलिस कालोनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बृजमोहन ने मतदाता अभिनंदन व आभार सम्मेलन के जरिये जताया आभार



**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल रविवार को भाटापारा और बलौदा बाजार में मतदाता अभिनंदन एवं आभार सम्मेलन के जरिए क्षेत्र वासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के प्यार और स्नेह का ही परिणाम है कि, लोकसभा चुनाव में रायपुर में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से प्रचंड जीत हासिल की है और देश में राजधानी का नाम रौशन किया है। जिसके लिए मैं क्षेत्रवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभ चिंतकों के अथक प्रयासों को नमन करते हुए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि, क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा, भाटापारा और बलौदा बाजार के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। सांसद अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे जीत का सिलसिला लगातार चलता रहे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच में जाकर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों और प्रस्तावित कार्य योजनाओं की जानकारी देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरीबों के लिए 18 लाख आवास को हरी झंडी दे दी है जिसका लाभ सभी वर्गों को मिलेगा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार किया था कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर संविधान को बदल दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने महिलाओं को साल का एक लाख रुपए देने का झूठा वादा किया था।

# 'डिलीवरी बॉय पर तीन पिटबुल ने किया जानलेवा हमला, कार में चढ़कर बचानी पड़ी जान'

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीन पिटबुल डॉग ने एक सख्स को बुरी तरह से काटकर घायल कर दिया। घटना को जो वीडियो सामने आया है, उसे देखकर आपके रौंगटे खड़े हो जायेंगे। युवक ऑटो चालक है और रायपुर में पार्सल डिलीवरी बॉय का काम करता है। घटना के दौरान शर्मा की बात ये है कि जब युवक को डॉग काट रहा था, इस दौरान घर में डॉग का मालिक और परिवार के अन्य सदस्य भी रहे होंगे, लेकिन एक भी सदस्य डिलीवरी बॉय को बचाने के लिए बाहर नहीं निकला और ना ही किसी ने युवक को बचाने की कोशिश की। हद तो तब हो गई जब युवक का किसी ने वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक को अस्पताल भी आसपास के लोगों ने ही पहुँचाया। घटना में युवक बुरी तरह से गंभीर है, जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। जानकारी के मुताबिक, ऑटो चालक सलमान खान पार्सल डिलीवरी का काम करता है। रोज की तरह घटना वाले दिन भी पार्सल छोड़ने के लिए खम्हारडीह के अनुपम नगर के एन ब्लाक गया था। यहां एक घर में जैसे ही पार्सल छोड़ने के लिए घुसा वैसे ही तीन पिटबुल ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। वीडियो में आप देखेंगे कि तीन पिटबुल युवक पर हमला कर रहे है। इनमें से दो पिटबुल ने युवक को छोड़ दिया, लेकिन एक पिटबुल डिलीवरी बॉय के पैर को पकड़े रहा। जैसे-तैसे युवक पिटबुल के दांत से अपने पैर को छुड़ाकर बाहर खड़ी एक कार के बोनट में चढ़ गया और खुद की जान बचाई। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा है की अगर युवक कार कि बोनट में नहीं चढ़ता तो शायद उसे अपनी जान भी गंवानी पड़ती। गनीमत रही कि युवक ने सुझबुझ दिखाते हुए कार में चढ़ाना सहीं माना, जिससे उसकी जान बच गई। वीडियो में युवक पिटबुल के हमले के बाद बुरी तरह से चींख रहा था। साथ ही कार की चारों तरफ खून ही खून बिखरा हुआ था। हालांकि इस मामले में किसी तरह की कोई शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

## गोली चलाने वाले जल्द पकड़े जाएंगे : सीएम विष्णुदेव साय



**रायपुर( समय दर्शन )।** तेलीबांधा में कोयला कारोबारी पर हुए गोलीबारी के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आरोपियों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी। जैसे पिछली बार अमन साहू गैंग के लोगों को पकड़ा था. इस बार भी बहुत जल्दी पुलिस आरोपियों को पकड़ लेगी। मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर में आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारे विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में मतदाता का अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं. वहीं शनिवार को मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन कर लौटे मुख्यमंत्री साय ने बताया कि अयोध्या में पूरे मंत्रिमंडल के साथ भगवान राम के दर्शन किए. पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए प्रार्थना की. हनुमानगढ़ी में भी दर्शन कर पूजा-अर्चना किए. सरयू नदी भी गए थे, वहां भी पूजा पाठ किया. विष्णुदेव साय का निर्देश, मलेरिया और डायरिया बीमारी रोकने लगाएं स्वास्थ्य शिविर 7 राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनाव में इंडिया ब्लॉक ने 13 में से 10 सीट में जीत हासिल की है, वहीं भाजपा को दो सीटों पर सफलता मिली है. इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं. चुनाव में जनता के हाथ में निर्णय होता है. भाजपा का प्रदर्शन समीक्षा का विषय है.

ढलाई के गंडाटविसा में स्वदेशी समुदाय के एक युवक की मौत पर दो समूहों के बीच झड़प के बाद भीड़ द्वारा उसके ऑटो-रिक्शा को नष्ट कर दिए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते एक व्यक्ति।



## निगम जोन 9 की टीम ने मैग्नेटो माल के समीप एक बड़े गड्ढे में अचानक गिरे मवेशी को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर( समय दर्शन )।** आज नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के तहत महर्षि वाल्मीकि वार्ड नम्बर 32 के क्षेत्र में मैग्नेटो माल के समीप के क्षेत्र के रहवासियों ने वहाँ एक बड़े गड्ढे में एक मवेशी के आज अचानक गिर जाने की जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर को दी. इस जानकारी को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर पालिक निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम काऊ कैचर वाहन लेकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक श्री महेंद्र कलिहारी, श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में तत्काल सम्बंधित क्षेत्र महर्षि वाल्मीकि वार्ड नम्बर 32 के क्षेत्र में मैग्नेटो माल के समीप के एक बड़े गड्ढे वाले स्थल पहुंची और वहाँ उक्त बड़े गड्ढे में अचानक गिरे मवेशी को जेसीबी मशीन, बड़ी रस्सी की सहायता और काऊ कैचर टीम के श्रमवीरों के सहयोग से सुरक्षित बाहर निकाल लिया. महर्षि वाल्मीकि वार्ड क्रमांक 32 के क्षेत्र में मैग्नेटो माल के समीप के क्षेत्र के रहवासियों ने एक बड़े गड्ढे में अचानक गिरे मवेशी को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम की सराहना की।

# एक पेड़ माँ के नाम, जगह-जगह हो रहा पौधरोपण

### उद्योग मंत्री ने जवाहर नवोदय विद्यालय में पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ



**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में स्कूली बच्चे, आम नागरिक और जनप्रतिनिधि भी उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। कोरबा जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा (छुरी) में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपनी माताजी स्वर्गीय सोनकुंवर देवांगन की स्मृति में पौधा रोपण कर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा प्रधानमंत्री के महाअभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत् अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए हम सबको जागरूक रहना होगा। पौधरोपण के इस कार्य में व्यापक जनभागीदारी आवश्यक है। समाज के सभी वर्गों को इसके लिए आगे आना होगा। इस मौके पर उन्होंने पौधा वितरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ के माध्यम से आम नागरिकों को निःशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा वृक्षारोपण के साथ-साथ बिजली के दुरूपयोग का कम करने एवं जल संरक्षण कर पर्यावरण के प्रति और अधिक जागरूक होने का संदेश दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने अपने पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में सभी को जागरूक रहने एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में वन विभाग द्वारा तैयार माँ कोसगई वाटिका में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा लगभग 150 पौधे लगाए गए।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने डायरिया पीड़ित मरीजों से की मुलाकात

### सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने के दिए निर्देश



**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज रतनपुर सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर डायरिया पीड़ित मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी ली। उन्होंने डायरिया पीड़ितों के इलाज की व्यवस्था की भी जानकारी ली। अभी 31 मरीज डायरिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। चौबीसों घंटे उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल के डॉक्टरों को एक-एक मरीज का अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर इलाज में कोई कोर-कसर नहीं रखने को कहा। श्री साव ने बताया कि मरीजों की सेहत और डायरिया को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है। घर-घर जाकर मरीजों की पहचान की जा रही है। जरा सा भी लक्षण दिखने पर अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। उम्मीद है बहुत जल्दी सब ठीक हो जाएगा।



# आंखों को जवान रखेंगे ये 5 काम

**बुढ़ापे में भी आंखों को जवान रखा जा सकता है। इसके लिए आपको कुछ उपाय करने होते हैं, जो उम्र बढ़ने से जुड़े मैक्यूलर डीजनरेशन, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों का खतरा कम करते हैं। न्यूट्रिशनल डाइट और आंखों को सन डैमेज से प्रोटेक्ट करने के लिए धूप का चश्मा पहनने की सलाह दी जाती है।**

बुढ़ापे में आंखों को तेज रखने के उपाय उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। आंखें भी कमजोर होने लगती हैं और पहले जैसी नजर नहीं रहती। बढ़ती उम्र के साथ कुछ बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जिसे कम करने के लिए 5 काम करने चाहिए।

आंखों की प्रमुख बीमारियां

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आई हेल्थ गिरने लगती है। डॉक्टर के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ प्रेसबायोपिया, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और उम्र से संबंधित मैक्यूलर डीजनरेशन (एएमडी) का खतरा बढ़ जाता है।

### न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट

बुढ़ापे में भी नजर तेज रखने के लिए न्यूट्रिशनल डाइट लें। इसमें फल, सब्जियां और साबुत अनाज से बनी बैलेंस्ड डाइट शामिल करें, जो विटामिन ए, सी और ई साथ जिंक, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा-3 फैटी एसिड देती है। खाने में पालक, गाजर और नट्स को शामिल करने से आंखों को हेल्दी रखने वाले पोषक तत्व मिल सकते हैं।

### सन डैमेज से प्रोटेक्शन

सूरज की यूवी रेज से आंखों को खतरा होता है, जिससे मोतियाबिंद और मैक्यूलर डिजनरेशन हो सकता है। आंखों को बचाने के लिए धूप का चश्मा पहनने की सलाह दी जाती है जो 99-100% UVA और UVB किरणों को रोकते हैं। धूप का ऐसा चश्मा चुनें जो अच्छी तरह से फिट हो और जो किरणों को लेंस के आसपास आने से रोकता हो।

हर साल आई चेकअप करवाएं

नियमित आई चेकअप से संभावित समस्याओं की जल्दी पहचान करके जरूरी इलाज मिल सकता है। ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और मैक्यूलर डिजनरेशन जैसी कंडीशन का जल्दी पता लगाने से प्रभावी मैनेजमेंट आसान हो जाता है, जिससे आने वाले समय के लिए हमारी नजर सही रखी जा सकती है।


क्रॉनिक हेल्थ कंडीशन का मैनेजमेंट

डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी क्रॉनिक डिजीज डायबिटिक रेटिनोपैथी और हाइपरटेंशन रेटिनोपैथी जैसी दिक्कतों से जुड़ी हैं। बढ़ती उम्र के साथ इनको कंट्रोल करना जरूरी है। इसके लिए दवा, लाइफस्टाइल चेंज और रेगुलर चेकअप की मदद लेना महत्वपूर्ण है।

### पर्याप्त नींद और आई एक्सरसाइज

पर्याप्त नींद न केवल पूरे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है बल्कि हेल्दी आई के लिए भी आवश्यक। आंखों को आराम और ताजगी देने के लिए हर रात 7-8 घंटे की क्वालिटी स्लीप लेने की सलाह दी जाती है। इसके साथ आई एक्सरसाइज को डेली रुटीन में शामिल करने से आंखों के तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। दूर की चीजों पर ध्यान लगाना और नियमित पलकें झपकाना आंख की मसल्स के लचीलेपन और ताकत को बनाए रखती हैं।





# हार्ट अटैक के बाद डाइट का रखें खास ख्याल! जानें क्या खाएं और क्या न खाएं

**हार्ट अटैक के मरीजों में दोबारा इसके जोखिम को कम करने के लिए आहार पर खास ध्यान देने की हिदायत दी जाती है। आइए जानते हैं हार्ट को हेल्दी रखने के लिए किन चीजों का सेवन करें और किन से दूरी बनाकर रखें।**

हार्ट अटैक के मरीजों को दोबारा स्ट्रोक या दिल का दौरा आने का खतरा होता है, जिसकी वजह से उनका ट्रीटमेंट चलता है व नियमित रूप से दवाएं लेने के लिए कहा जाता है। ट्रीटमेंट के साथ ही इन लोगों को डाइट का भी ध्यान रखने की जरूरत होती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि खान-पान की आदतों में बदलाव करके भी हार्ट अटैक के जोखिम को कम किया जा सकता है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए खुद को स्वस्थ आहार की तरफ ढालना बेहद जरूरी है। हेल्दी हार्ट के लिए आपको किन चीजों का सेवन नहीं करना, इसकी बजाय किन चीजों का सेवन करना चाहिए, इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा। चलिए जानते हैं हार्ट अटैक के बाद किन चीजों का सेवन करना चाहिए।

### साबुत अनाज

डॉक्टर फाइबर के इनटेक को बढ़ाने के लिए साबुत अनाज खाने की सिफारिश करते हैं। डायटरी फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर वजन को नियंत्रित रखने के साथ ब्लड शुगर लेवल्स को भी कंट्रोल में रखता है। साबुत अनाज के तौर पर आप ओट्स, जौ, ब्राउन राइस,आदि का सेवन कर सकते हैं।

### फल और सब्जियां

हार्ट अटैक के बाद डाइट में फल और सब्जियों का सेवन अच्छी मात्रा में करें। ये भी डायटरी फाइबर का उच्च स्रोत माने जाते हैं। ध्यान रखें फलों का जूस पीने की बजाय पूरे फल का सेवन करें। सब्जियों को बहुत कम ऑयल में सॉटे करके आहार का हिस्सा बनाएं।

### नट्स

प्रतिदिन एक मुट्ठी नट्स का सेवन करना हार्ट अटैक के मरीज के लिए फायदेमंद हो सकता है। कई शोध में इसकी पुष्टि हुई है कि नट्स में हार्ट हेल्दी फैट्स होते हैं। सॉल्टेड नट्स के सेवन से परहेज करें।

### लीन मीट व सी फूड

प्रोटीन के लिए हमेशा लीन मीट का चयन करें। प्रोसेस्ड मीट से दूरी बनाकर रखें। प्रोटीन के लिए फिश अच्छे ऑप्शन में से एक है। आप सैल्मन या टूना को आहार का हिस्सा बना सकते हैं। दोनों ही ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर होती हैं। वहीं, वेजिटेरियन लोग प्रोटीन के लिए अंडा, योगर्ट, चीज, टोफू, सोया मिल्क, बीन्स, काबुली चना, काजू, बादाम, अखरोट आदि को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

### हार्ट अटैक के बाद किन चीजों का सेवन बिल्कुल न करें

- अल्ट्रा प्रोसेस्ड चीजों से दूरी बनाएं
- हाई शुगर युक्त चीजों का सेवन न करें। जैसे चॉकलेट, आइसक्रीम, कस्टर्ड आदि का सेवन न करें।
- फ्राइड व बेक किए गए प्रोडक्ट्स जैसे चिप्स, कुकीज, नमकीन, केक आदि से परहेज करें।
- खाने में नमक का उपयोग न के बराबर करें।
- कैन व फ्रोजन सब्जियों को डाइट से बाहर करें। क्योंकि लंबे समय तक इनकी फ्रेशनेस को बरकरार रखने के लिए इनमें सोडियम, बटर व शुगर मिलाया जाता है।
- रिफाइंड ऑयल से दूरी बनाकर रखें।
- पिज्जा, बर्गर, हॉट डॉग आदि जंक फूड का सेवन करने से बचें।
- हार्ट अटैक के बाद डाइट के साथ दवाओं का सेवन समय पर करें। साथ ही रोजाना एक घंटा टहलने की आदत डालें। खुद को तनाव मुक्त रखें। इसके लिए मेडिटेशन का भी सहारा ले सकते हैं। अगर अल्कोहल का सेवन या स्मोकिंग करते हैं, तो आज ही इसको बाय बाय कर दें।



# ना करें इनके लाल रंग पर भरोसा, अनार-चुकंदर नहीं बढ़ा सकते आयरन

**भारत में पोषण संबंधी एनीमिया एक बड़ी समस्या है। अनार और बीटरूट से आयरन की कमी को पूरा किया जा सकता है। अनार में विटामिन ए की अधिक मात्रा होती है। बीटरूट और अनार में आयरन की मात्रा कम होती है। आयरन के सबसे अच्छे स्रोत हैं मीट, चिकन, ब्रोकली, हरी पत्तेदार सब्जियां, किशमिश, खुबानी, अंडे, बीन्स, नट्स, मटर, दालें, टोफू।**

कहीं आप भी तो ये नहीं सोच रहे कि बीटरूट और अनार में सबसे ज्यादा आयरन होता है, इसलिए इसी से अपने शरीर में आयरन की कमी को पूरा किया जाए। अगर हां तो जान लें इस सच को, ताकि बाद में पछताना न पड़े। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के अनुसार भारत में पोषण संबंधी एनीमिया एक बड़ी समस्या बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण आयरन की कमी है, जिसे समय रहते कंट्रोल करना बहुत जरूरी है।

### इनके रेड कलर पर भरोसा न करें

नूट्रिशनिस्ट के अनुसार, हमें रोजाना 10 मिलीग्राम आयरन अपने आहार में लेने की जरूरत होती है। जिसके लिए अधिकांश लोग डाइट में अनार और बीटरूट को शामिल करने की सलाह देते हैं। साथ ही ये कलर में रेड होते हैं , इसलिए इनसे शरीर में रक्त बढ़ाकर आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया से निबटने के लिए अच्छा माना जाता है।

### मिलता है काफी कम आयरन

अगर आप ऐसा सोच रहे हैं तो जरा अपनी सोच को बदलिए। जानकर हैरान रह जाएंगे कि ये दोनों ही आयरन के अच्छे स्रोत नहीं हैं। जबकि फैक्ट ये है कि प्रति 100 ग्राम बीटरूट में सिर्फ 0.76 मिलीग्राम आयरन होता है और प्रति 100 ग्राम अनार में सिर्फ 0.31 मिलीग्राम आयरन होता है। तो इससे समझ ही गए होंगे कि ये गुड सोर्स नहीं है आयरन के। जैसा की लोगों की धारणा है कि ये दोनों कलर में रेड होने के कारण इनसे शरीर में ब्लड को बढ़ाया जा सकता है। तो जान लें कि इनका डीप रेड कलर असल में नेचुरल पिगमेंट्स या पोलीफेनोल्स के कारण होता है, ऐसे में इनका आयरन कंटेंट से कोई लेना देना नहीं होता है।

### जरूरत से ज्यादा विटामिन ए मुसीबत

बीटरूट में काफी ज्यादा मात्रा में विटामिन ए होता है , मतलब जितना हमें एक दिन में लेने की जरूरत होती है, उससे भी ज्यादा। असल में विटामिन ए की वसा में घुलनशील प्रकृति शरीर में इसका अतिरिक्त भंडारण कर देती है, जिसके कारण शरीर को इसे बाहर निकालना काफी मुश्किल हो सकता है। साथ ही इसमें ज्यादा मात्रा में कैल्शियम ऑक्सलेट होने के कारण ये शरीर में कैल्शियम को अवशोषित होने में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे किडनी स्टोन की भी समस्या हो सकती है।

### बहुत स्लो एक्टिविटी

आपके लिए ये जानना भी जरूरी है कि 2 तरह के आयरन होते हैं, हीम और नॉन हीम आयरन। हीम आयरन के स्रोत जैसे मीट, फिश और पोल्ट्री। इसका 30 पर्सेंट भाग शरीर में अवशोषित हो जाता है, जबकि नॉन हीम आयरन जो फलों, सब्जियों और नट्स में मिलता है, वो सिर्फ 2-10 पर्सेंट ही शरीर में अवशोषित होता है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि आप बीटरूट और अनार खाना ही छोड़ दो, कहने का मतलब यह है कि ये बहुत धीमी गति से रेड ब्लड सेल्स को बनाते हैं। मीट जैसे चिकन, क्लैम इसी के साथ ब्रोकली, हरी पत्तेदार सब्जियां, किशमिश, खुबानी, अंडे, बीन्स, नट्स, मटर, दालें, टोफू आयरन के सबसे जबरदस्त सोर्स होते हैं। इनमें अनार और बीटरूट से तीन गुणा ज्यादा आयरन होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि जब भी आप आयरन लें तो उसके साथ विटामिन सी रिच फूड लेना न भूलें, क्योंकि ये आयरन के बेहतर अवशोषण में मदद जो करता है।

# लहसुन में समाए हैं सेहत के राज...

भारतीय रसोईघर में लहसुन आसानी से मिल जायेगा और सर्दियों के सीजन में तो यह बहुत ही फायदेमंद होता है। तो आज लहसुन के कुछ स्वास्थ्य संबंधी गुणों के बारें में जानते हैं...

- लहसुन बैक्टिरीअल और वायरल संक्रमण को रोकने में बहुत कारगार साबित होता है। यह फंगस, यीस्ट और कीडा से इन्फेक्शन को रोकने में मदद करता है।
- लहसुन कानों में दर्द हो, तो लहुसन के तेल को गर्म करके दो बूंदें रोजाना दो बार 5 दिनों तक कानों में डालें। लहसुन में मौजूद जर्मेनियम, सेलेनियम और सल्फर तत्व दर्द उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में सक्षम हैं।
- लहसुन का तेल तैयार करने के लिए लहसुन की 3 कलियों को कूटकर आधा कप ऑलिव ऑयल तेल में मिलाकर धीमी आंच पर 2 मिनट के लिए पकाएं। छालनकर 2 हफ्तों तक फ्रिज में रखें इस्तेमाल में लानेसे पहले हल्का-सा गर्म कर लें।
- लहसुन खाने से जुकाम नहीं होता है। साथ ही इसमें एन्टीबैक्टिरीअल गुण गले के दर्द से राहत दिलाता हैं।
- एजोइन यौगिक रक्त का थक्का बनाने में मदद करता है। जिनको हृदय संबंधी बीमारी होती हैं और रक्त का थक्का बनने में देर होता है उनके लिए यह बहुत मददगार है।

# किडनी के मरीजों के लिए वरदान से कम नहीं अंगूर

**किडनी पेशेंट्स में डाइट को लेकर काफी बदलाव किए जाने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि डाइट का ध्यान रखकर किडनी से जुड़ी समस्याओं को बढ़ने से रोका जा सकता है। वैसे तो किडनी के मरीजों के लिए कई चीजों का सेवन फायदेमंद हो सकता है, लेकिन उनमें से एक नाम अंगूर है। किडनी से जुड़ी परेशानियों के लिए अंगूर कैसे लाभकारी है।**

अंगूर एक ऐसा फल है जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अमूमन सभी को पसंद होता है। सबसे खास बात यह है इसे खाने के लिए अन्य फलों की तरह मेहनत नहीं करनी पड़ती है। बस धोया और सीधा खा लिया। किडनी पेशेंट्स को खास तौर से लाल अंगूर का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

### विटामिन-सी और फ्लेवोनोइड्स से भरपूर

अंगूर में विटामिन सी और फ्लेवोनोइड्स की उच्च मात्रा होती है, जो सूजन से लड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स किडनी की बीमारी को बढ़ने से रोकने के साथ हृदय रोग, डायबिटीज व अन्य कई रोगों से सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

### पोषक तत्व

आपको बता दें कि 75 ग्राम लगभग आधा कप अंगूर में 1.5 मिलीग्राम सोडियम, 144 मिलीग्राम पोटेशियम, 14 मिलीग्राम फास्फोरस व 0.5 ग्राम प्रोटीन की मात्रा होती है।

### किडनी पेशेंट्स अंगूर को कैसे बनाएं डाइट का हिस्सा

- एक शोध में ग्रेप पाउडर या अंगूर के पाउडर का सेवन करने वालों में किडनी की बीमारी को ग्रसित लोगों में सकारात्मक प्रभाव पाया गया। आप चाहें तो डॉक्टर की सलाह लेकर ग्रेप पाउडर का सेवन कर सकते हैं।
- लाल अंगूर का सेवन स्नैक्स व सैलेड के रूप में कर सकते हैं।
- अलग-अलग रेसिपी में लाल अंगूर को शामिल कर सकते हैं। इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा भी होती है, जिस वजह से इसे डाइजेशन के लिए भी बेहतर माना जाता है।
- किडनी संबंधित बीमारियों से ग्रसित लोगों को एक खास डाइट फॉलो करने के लिए कहा जाता है। सभी के लिए यह डाइट अलग हो सकती है। यह पूरी तरह से किडनी किडनी डैमेज है इस पर निर्भर करता है। इसलिए बेहतर होगा कि किडनी एक्सपर्ट व डायटीशियन द्वारा निर्धारित किए गए डाइट चार्ट को ही फॉलो करें। किडनी पेशेंट्स के लिए एक्सपर्ट खास रीनल डाइट रिकमेंड करते हैं, जो ब्लड से वेस्ट को कम कर किडनी की कार्यप्रणाली में सुधार करने में मदद करती है।



# प्रदूषण का आंखों पर होता है ये असर

प्रदूषित पर्यावरण, बढ़ते वायु प्रदूषण और अल्ट्रा वॉयलेट किरणों के बढ़ते प्रभाव की वजह से आंखों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। कॉर्निया, पलकों, सिलेरिया और यहां तक कि लेंस पर भी पर्यावरण का असर होता है। बढते तापमान और पर्यावरण के चक्र में आते बदलाव के चलते क्षेत्र में हवा खुश्क हो रही है। इस वजह से आंखें में ज्यादा खुश्की आ रही है, जिसके चलते आंसू नहीं बनते या बहुत जल्दी सूख जाते हैं। वायु प्रदूषण लंबे समय से सांस प्रणाली की समस्याओं का कारण बन रहा है। हाल ही में इसका असर आंखों पर भी नजर आने लगा है। लकडी या कोयले जलते समय उसके संपर्क में आने से विकासशील देशों में ट्रोचमा की वजह से आंखों में जख्म हो जाते हैं। उम्रभर संक्रमण होने से पलकों के अंदर जख्म हो सकते हैं, जिससे पलकें अंदर की ओर मुड जाती हैं और कॉर्निया से रगड़ खाने लगती हैं और क्षति पहुंचा देती हैं, जिससे नजर भी चली जाती है। ओजोन की क्षति होने से अल्ट्रावायलेट किरणों का असर बढ़ रहा है, जिससे कोर्टिकल कैटेरेक्ट का खतरा बढ़ जाता है। सूर्य की खतरनाक किरणों के लगातार संपर्क में आने से आंखों के लेंस के प्रोटीन की व्यवस्था बिगड़ सकती है और लेन्ज एपिथीलियम को क्षति पहुंच सकता है, जिससे लेंस धुंधला हो जाता है। वह कहते हैं कि हैट पहनने से यूवी का असर 30 प्रतिशत तक कम हो सकता है। यूवी प्रोटेक्शन वाला साधारण धूप का चश्मा लगाने से 100 प्रतिशत तक सुरक्षा हो सकती है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पूरे समाज को आंखों को होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक होना चाहिए। भारतीय लोगों में पहले ही विटामिन-डी की कमी है, इसलिए इन सावधानियों पर गौर करना बेहद जरूरी है।



## संक्षिप्त समाचार

### शीतला तालाब के आस-पास सफाई के लिए आयुक्त ने बढ़ाया हाथ, सफाई के बाद लगाए गुलमोहर के पौधें



**दुर्ग ( शमय दर्शन )।** 15 जुलाई ।नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सफाई अपनाओं बीमारी के तहत भगाओ 1 जुलाई- 31 अगस्त तक अभियान के तहत आज सिविल लाइन शीतला तालाब की सफाई करने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,श्रद्धा सबूरी समाज सेवी संस्था अध्यक्ष नीरज वानखड़े जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित एवं अन्य संस्थाओं प्रीतम क्षीरसागर,सचिन नवघरे ,डॉ पाणिग्राही साथ मिलकर सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब के आस पास झाड़ू लगकार श्रमदान किया ।माँ शीतला तालाब के भीतर फैली गंदगी को निकाला गया। 'कैच द रैन' अभियान में निगम कर्मचारियों समेत अधिक लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई ।इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति अच्छी है। कुछ तालाबो की स्थिति बहुत अच्छी नही है ।खासकर निस्तारी वाले तालाबों की। लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे है। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की। हम सब कैच द रैन अभियान से जुड़े। इस अवसर पर निगम अमला उपस्थित थे। माँ शीतला तालाब नगर निगम क्षेत्र में तालाब को संवारने लोग एकत्र हुए ।आयुक्त निर्देश सम्पूर्ण क्षेत्र में सफाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। कहा एक दिन में सफाई कार्य पूर्ण नहीं होगा लगातार करते रहें ।निगम सफाई कर्मी तालाब सफाई पूर्ण रूप से करें। हर रोज रूटिन वर्क से अलग होकर शहर के अन्य तालाब सफाई कार्य को पूर्ण करे ।आयुक्त ने रोपे पौधे कैच द रैन अभियान के तहत तालाब किनारे पौधारोपण भी किया गया ।आयुक्त ने गुलमोहर पौधा लगाया ।जन संपर्क विभाग/राजू बक्शी

### 30 जुलाई को लॉन्च हो रहे रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी में एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा और मोनेट से प्रेरित डिज़ाईन होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी 30 जुलाई, 2024 को भारत में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च कर रहा है। इस स्मार्टफ़ोन में मोनेट से प्रेरित सुंदर डिज़ाईन है और यह रियलमी की ओर से पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन होगा। बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी के डिज़ाईन के लिए रियलमी ने म्यूज़ियम ऑफ फाईन आर्ट्स, बोस्टन (एमएफए) के साथ गठबंधन किया है। इस सीरीज़ में रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो+ 5जी शामिल हैं। यह मोनेट से प्रेरित अद्वितीय सुंदरता का प्रदर्शन करती है। यह मोनेट गोल्ड, मोनेट पर्पल, और एमराल्ड ग्रीन कलर विकल्पों में उपलब्ध है। इस गठबंधन द्वारा कला व टेक्नोलॉजी का बेहतरीन फ्यूज़न किया गया है। रियलमी ने मोनेट की उत्कृष्ट कृतियों - ''हे-स्टैक्स'' और ''वाटर लिलीज़'' से प्रेरणा ली है। मिराकल शाईनिंग ग्लास के साथ ये डिवाईस मोनेट की कृतियों के लाईट एवं शैडो इफेक्ट को प्रदर्शित करती हैं, इसलिए बिल्कुल पोर्टेबल कलाकृतियों की तरह दिखाई देती हैं। भारत में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का लॉन्च स्मार्टफोन उद्योग में एक नई लहर लेकर आएगा। सोनी के साथ गठबंधन में 2024 का यह दूसरा नंबर सीरीज़ लॉन्च रियलमी की ओर से डीएसएलआर कैमरे जैसी क्षमताओं वाला पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन पेश करेगा। इसके कैमरा सिस्टम में ड्युअल सोनी सेंसर, सोनी लाईट-701 और लाईट-600 शामिल हैं, जो हाई डायनामिक रेंज के फोटो, रात में स्पष्ट शॉट, ऑप्टिकल ज़ूम, और डिजिटल सुपरज़ूम जैसी क्षमताएं प्रदान करते हैं। एआई अल्ट्रा-क्लैरिटी फीचर और एआई हाईपर-रॉ एलगोरिद्म की मदद से इमेज की क्लैरिटी और डायनामिक रेंज काफी बढ़ जाती है। उद्योग में पहली विशेषताओं और एआई फीचर्स तथा मोनेट से प्रेरित सुंदर डिज़ाईन के साथ रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी 30 जुलाई, 2024 को लॉन्च होगी और स्मार्टफ़ोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। ज्यादा अपडेट और जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट और फ्लिपकार्ट तथा सोशल प्लेटफॉर्म्स रियलमी.कॉम, ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब देखते रहें।

# जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने 1905 किमी. 11 केव्ही लाइन व 3245 नए ट्रांसफार्मर की होगी स्थापना- विजय शर्मा

### विद्युत व्यवस्था सुधारने जिले में 341 करोड़ रुपए का प्रावधान

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होने जिले में 341 करोड़ रुपए की लागत से 1905 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 341 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया है।

विगत कुछ महीने से जिले में विद्युत व्यवस्था बाधित होने की शिकायतें जैसे ट्रांसफार्मर खराब होना, विद्युत आपूर्ति बाधित होना, खंबे तथा तारों के टूटने से कई बार खासकर बारिश के मौसम में जन धन की हानि हो जाती थी। इसे रोकने के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जल्द ही जिले वासियों को बिजली की विभिन्न समस्याओं से स्थाई रूप से छुटकारा मिल सकेगा। विद्युत व्यवस्था सुधार पर किए जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कवर्धा विधायक तथा छत्तीसगढ़ शासन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर अनेक प्रकार की शिकायत आ रही थी इसके स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए कबीर धाम जिले में विद्युत व्यवस्था सुधार किए जाने के लिए आरडीएस योजना के तहत 341 करोड



रुपए का प्रावधान किया गया है।

उक्त राशि से कबीरधाम जिले के घरेलू फीडर से कृषि पंप फीडर को पृथक किए जाने हेतु 119 फीडर और 3245 ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जाना है ताकि कृषकों को निर्बाध सिंचाई की सुविधा मुहैया हो सके और घरेलू विद्युत की कटौती न हो।

इस कार्य को पूर्ण करने के लिए 1905 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 667 ग्रामों में खुले तारों को बदलकर ंइ केवल लगाया जाना है जो लगभग 4000 किलोमीटर से ज्यादा होगा ताकि सुरक्षित विद्युत सप्लाई सुनिश्चित हो। इसके साथ ही वितरण ट्रांसफार्मर में 4045 नग नए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगेंगे। इससे लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी एवं तेज आंधी तूफान बारिश के कारण खुले तार के टूटने से जान माल की होने वाली क्षति भी नहीं होगी। ये सभी कार्यों का निष्पादन की समय सीमा जुलाई 2025 निश्चित है। राज्य सरकार उक्त कार्य को तेजी से करने के हेतु प्रतिबद्ध है। कार्य के शीघ्र निष्पादन हेतु सी.एस.पी.डी.सी.एल के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें समुचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से विद्युत सप्लाई निर्बाध हो इसके लिए वृहत योजना की आवश्यक्ता थी जल्द ही इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद जन मानस को विद्युत सप्लाई को लेकर बड़ी राहत मिलेगी।

# कलेक्टर के जनदर्शन के बावजूद आम नागरिकों को नहीं मिल रही राहत



**बिलासपुर (समय दर्शन)।** बिलासपुर के कलेक्टर की सक्रियता आम नागरिकों की परेशानियां को हल करने की इच्छा उन्हीं का विभाग पूरा नहीं होने देता। राजस्व विभाग की तानाशाही आज कलेक्टर परिसर में भारी पड़ गई।

गतौरी ग्राम, ब्लॉक बिल्हा विधानसभा बेलतरा की तीन महिलाएं अपनी पुश्तैनी जमीन की समस्या को लेकर कलेक्टर के पास आई थी वे इसके पूर्व भी आ चुकी है। महिलाओं को जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डालने की कोशिश की, महिला अपने साथ बोतल में पेट्रोल लेकर आई थी। कोई दुर्घटना नहीं हो पाई बताया जाता है कि खसरा नंबर 769 /1, 2, 3 में शिव सिंह लुनिया की पैतृक जमीन थी। जिसकी वारीसान उनकी पांच बेटियां हैं। उन्होंने अपनी जमीन की बिक्री कभी भी नहीं की थी। पर 2005 में उक्त जमीन अब्दुल रशीद के नाम पर दर्ज हो गई। रिकॉर्ड के आधार पर यह जमीन शारदा श्रॉफ ने बेची। पीड़ित महिलाएं बहुत दिनों से एसडीएम कोर्ट में सीमांकन का कैसे लागाये है। वर्तमान में जमीन के इस टुकड़े पर पेट्रोल पंप संचालित हो रहा है। पेट्रोल पंप में भवन अनुज्ञा, एक्सप्लोसिव लाइसेंस के साथ ऐसी कई राजस्व प्रक्रिया है जिन्हें आसानी से पार नहीं किया जा सकता, ऐसे में विवादित भूमि पर पेट्रोल पंप का खुल जाना व्यवस्था की कमियों की ओर संकेत करता है। बताया जाता है की खसरा नंबर 769/3 वर्तमान में शासकीय भूमि के नाम पर दर्ज है और इस पर पेट्रोल पंप संचालित है।

# नगर निगम भिलाई के सामान्य सभा में पूर्व निर्धारित बैठक संपन्न हुई



**भिलाईनगर ( समय दर्शन )।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी. सदस्यगण, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षदगणो, नगर निगम के प्रमुख अधिकारीजन उपस्थित हुए।

नगर निगम भिलाई के सभागार में 11 बजे सामान्य सभा की शुरूआत हुई। जिसमें सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियो द्वारा सफाई से संबंधित पूर्व निर्धारित एजेण्डा क्रमांक 2 से 16 तक सफाई से संबंधित विषयो पर विचार विमर्श किया गया। एम.आई.सी. सदस्य, पार्षदगण, नेता प्रतिपक्ष, महापौर शहर की सफाई कैसे और व्यवस्थित हो इसके संबंध में अपने सुझाव एवं विचार रखें। सफाई संबंधित विषयो पर सारगर्भिक चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अभी वर्तमान में पूर्व एजेंसी से कार्य कराते हुए नयी एजेंसी के लिए निविदा जारी की जावे। हमारा भिलाई नगर साफ सुथरा और व्यवस्थित हो इसलिए निगम के 25 प्रतिशत पार्षदगणो की एडवाईजरी कमेटी बनायी जायेगी। जिसमें सेक्टर क्षेत्र के भी पार्षदगण होगें। सभी लोग मिलकर निर्णय लेगे उसके आधार पर सफाई के लिए आने वाली एजेंसी से कार्य लिया जायेगा। उन्ही के सुझाव पर आगामी सफाई संबंधी अनुबंध होगा, प्रस्ताव पारित किया गया।

एजेण्डा क्रमांक 19 पेयजल के विषय पर भी पार्षदगणो ने अपना विचार रखा। पेयजल की पूर्ति सभी नागरिको तक प्रर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति हो इस पर भी सत्ता पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनो पक्षो के तरफ से विचार विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि टंकियो को जोड़ने के लिए जो प्रस्ताव सदन के सामने रखे गये है, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल से संबंधित आगामी बैठक रखी जावे। जिसमें सभी पार्षदगण अपने अपने वार्ड के पेयजल की प्रतिपूर्ति के संबंध में चर्चा करेगें।

# पहले भेड़िया की अब लक्ष्मी की पसंद है यह शेर



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** कभी महिला बाल विकास विभाग का बिलासपुर पदस्थ यह अधिकारी भाजपाइयों की नजर में भ्रष्ट था। पर अब सत्ता में है तो भ्रष्ट अधिकारियों से लगाओ होना ही है। तभी तो कमीशन और चहेतो को काम दिला सकेंगे। जो पत्रकार पुराने चावल हैं वे जानते हैं की किस्सा 2001-2003 का है। शिक्षा विभाग का एक व्याख्याता प्रोटोकॉल पाया गया था कलेक्टर का खास था भाजपा के नेताओं को यह संदीप फूटी आंख नहीं सुहाता था। कहते थे सत्ता में आने के बाद पहले ट्रांसफर इसी का करेंगे। जैसे ही सत्ता आई इस काबिल व्याख्याता को भाजपा के नेता और भाजपा नेताओं को यह व्याख्याता रास आने लगा। जमकर कमाई हुई स्वच्छ भारत अभियान में 80 रूपए वाली शौचालय की सीट 350 रुपए में बिलिंग हुई और उत्तर प्रदेश के एक एनजीओ को बिलासपुर के नाथ के इशारे पर खूब काम दिया गया। इसी तर्ज पर 2023 में कहानी फिर लिखी जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी जिस पर यौन शोषण तक की शिकायत रहे जिसपे भ्रष्टाचार का जाल तखतपुर से होते हुए सिरगिट्टी के मार्फत रायपुर तक जाता था। कहते हैं इस शेर से भेड़िया की भी बहुत दोस्ती रही मंत्री बदल गए पर यह शेर शिकार भी करता है, मिल बाटकर खाता भी है और इसके साथ वल्लभ भवन से लेकर इंद्रावती तक फैले हैं।

# 18 जून की एक एफआईआर कोटा थाने के लिए बन गई सरदर्द

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** 17 जून को कोटा थाने में जो एफआईआर दर्ज हुई है। उसके आरोपों को मस्तूरी थाने ने पकड़ा था और नियम अनुसार कोटा थाने पहुंचा दिया। 18 जून शाम 5:00 बजे तक नामजद आरोपी कोटा थाने में रहा और बाद में सूर्यास्त के बाद उसे वहां से विदाई दे दी गई।




17 जून की इस एफआईआर के कारण खरगहनी और पत्थर्रा के किसान उहापोह में उन्हें डर सता रहा है कि पुलिस कभी भी उन्हें नामजद आरोपियों के बयान के आधार पर आरोपी बनाकर जेल ना भेज दें। दबी जुबान से कुछ नागरिक यह भी कहते हैं कि मुख्य आरोपी और वर्तमान टीआई की वर्ग के हैं। अत: आपस में वर्ग मित्रता निभा रहे हैं।

नामजद आरोपी परजीवी वर्ग के बताए जाते हैं। पहले इन्हें आंदोलन की भी कहा जाता था। बताया जाता है कि बोर्ड की राजनीति के चक्कर में हाल ही मंत्री बने एक नेता ने इस मामले में पुलिस विभाग को फोन पर कुछ निर्देश भी दिया था। कुल मिलाकर कोटा थाने की स्थिति कुएं के मुंडेर पर बैठने वाली हो गई है। ग्रामीण जन किसी भी दिन बड़ी संख्या में एकत्र होकर गिरफ्तारी देने भी जा सकते हैं।

# राज्य सरकार की बड़ी लापरवाही से राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की मौत हो रही-बघेल

### चौथे दिन बारिश के बीच सोनवाही पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग, पीएचई को पानी का सेंपल लेकर जांच किया जाना चाहिए। लेकिन राज्य सरकार की बड़ी लापरवाही के चलते ग्राम सोनवाही में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की मौत हो रही है। इस प्रकार की घटना लगातार कबीरधाम जिले के सभी ब्लॉक में घटित हो चुकी है। उसके बाद भी शासन प्रशासन हाथ में हाथ रखकर बैठी है। ये बड़ी दुख की बात है। जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र सोनवाही गांव में 10 जुलाई से तीन दिनों में उल्टी-दस्त से पांच बैगा आदिवासियों की मौत हो गई थी। घटना के चौथे दिन पूर्व सीएम भूपेश बघेल बारिश में सोनवाही पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और दुख बाटा। इस दौरान श्री बघेल ने वनांचल ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और डॉक्टरों से मरीजों के बारे में जानकारी लेने के बाद घटना के लिए राज्य सरकार की नाकामी को उजागर किया।

**पांच बैगा आदिवासियों की मौत को जिला प्रशासन छुपाने की कोशिश कर रहा-** पूर्व सीएम बघेल ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम सोनवाही में 5 बैगा आदिवासियों की उल्टी-दस्त से मौत को जिला प्रशासन छुपाने की कोशिश कर रहा है। सोनवाही गांव में उल्टी-दस्त से मौत होने के बाद स्वास्थ्य कैम्प लगाया और करीब 100 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर में ही आज मच्छरदानी वितरण किए, जबकि सोनवाही गांव के सभी घरों में मच्छर दानी वितरण करना चाहिए।--------

# डेढ़ करोड़ का छात्रावास, पहली बरसात में ही बना तालाब

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** अदूरदर्शिता के चलते जिला मुख्यालय में बना लगभग डेढ़ करोड़ का कन्या छात्रावास जो पहली बरसात में ही तालाब के रूप में तब्दील हो गया है,वहा छात्रावास में रहने वाले बच्चो और कर्मचारियों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।ज्ञात हो कि गरियाबंद जिला मुख्यालय के सिविल लाइन में पचास बच्चो के रहने के लिए आदिवासी कन्या आश्रम संचालित था,वही जिला मुख्यालय होने के चलते उक्त आश्रम में बच्चो के रहने के संख्या को बढ़ाकर शहर के आखरी छोर में लगभग सौ बच्चो के रहने के लिए आदिवासी कन्या आश्रम लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से नया भवन का निर्माण किया गया,लेकिन



नए भवन के सामने का हिस्सा पहली बरसात में ही तालाब के रूप में तब्दील हो गया है,जिसके चलते आश्रम से सड़क या सड़क से आश्रम तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।ज्ञात हो कि उक्त आश्रम पूर्व में नगर के बीच सिविल लाइन में संचालत होता था जहा पचास बच्चे रहते थे ।वही अब आश्रम में रहने वाले बच्चो की संख्या को बढ़ाने के लिए डोंगरी गांव मार्ग में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से नया भवन का निर्माण किया गया ।लेकिन एक दिन पूर्व हुए बरसात की पहली बारिश ने प्रशासन की अदूरदर्शिता के परिणाम के चलते व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया और उक्त आश्रम के चारो ओर पानी का तालाब बनकर दो से तीन फीट पानी भरा है,जिससे आश्रम से सड़क तक और सड़क से आश्रम तक पहुंचाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।जबकि इस समस्या को लेकर उक्त आश्रम के अधीक्षिका से पूछने पर उन्होंने बताया कि व्याप्त इस समस्या को लेकर बरसात के पूर्व ही इसकी जानकारी उच्चाधिकारीयो को दिए थे लेकिन कोई उचित व्यवस्था नहीं किया गया ।वही सहायक आयुक्त नवीन भगत को फोन लगा कर जानकारी लेना चाहा लेकिन उन्होंने फोन नही उठाया ।जबकि इससे पूर्व भी प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर पंटोरा ग्राम में आश्रम बनाया गया है जहा पानी गिरने से आश्रम के अंदर पानी भरजाता है,जिसके चलते कई बार वहा के बच्चो को रातों रात अन्य जगह व्यवस्थित किया जाता है ।इस समस्या को नजरंदाज कर पुन: ऐसे अनुचित स्थान में करोड़ों की लागत से आश्रम बनाया गया जहा प्रारंभ से ही समस्या व्याप्त है,साथ ही ये जगह शहर से काफी बाहर भी है।

## खबर-खास

### वेविन ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**नई दिल्ली:** ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं। वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है। रोहित शर्मा और वेविन के बीच गठबंधन देश की जनता के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है, साथ ही, कंपनी रोहित शर्मा के करियर और छवि का प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्टता की ओर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना चाहती है। ऑर्बिया इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री रणधीर चौहान ने कहा, ''सालों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है। उन्हें अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देश के लाखों लोग प्यार करते हैं। इस गठबंधन से अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के समाधान और बेहतर उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। हाल ही में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाता है और हम मिलकर एक मजबूत भावना का प्रदर्शन करते हैं, जो हमारे व्यवसाय की उत्कृष्टता के अनुरूप है।''

### थ्री एम पेपर बोर्ड्स लिमिटेड का रु. 39.83 करोड़ का आईपीओ खुला

**मुंबई :** 3 दशकों से अधिक समय से रिसाइकल्ड पेपर-आधारित कोटेड डुप्लेक्स बोर्ड उत्पादों के निर्माण के व्यवसाय में लगी हुई मुंबई स्थित कंपनी थ्री एम पेपर बोर्ड्स लिमिटेड अपने एसएमई आईपीओ के माध्यम से रु. 39.83 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। पब्लिक इश्यू 12 जुलाई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 16 जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई लिमिटेड (बीएसई एसएमई) के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग व्यवसाय विस्तार के लिए किया जाएगा जिसमें मशीनरी खरीदना, फैक्ट्री निर्माण विस्तार, ऋणों का पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी लगाना और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य शामिल हैं। कम्फर्ट सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर है। रु. 39.83 करोड़ के पब्लिक इश्यू में रु. 67-69 प्रति शेयर के प्राइज बैंड में रु.10 के 57,72,000 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। कंपनी ने पूंजीगत व्यय के लिए रु. 14 करोड़ का उपयोग करने की योजना बनाई है, जिसमें प्लास्टिक-फायर्ड लॉ-प्रेशर्ड बॉयलर की खरीद भी शामिल है, जो बिजली उत्पादन के लिए वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग करेगा और बिजली की लागत को काफी कम करेगा। यह धनराशि स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए फैक्ट्री बिल्डिंग विस्तार और उत्पादन गति बढ़ाने के लिए शीट कटर के अधिग्रहण का भी समर्थन करेगी। कार्यशील पूंजी के लिए रु. 10 करोड़ और टर्म लॉन पुनर्भुगतान के लिए रु. 7 करोड़ आवंटित किए जाएंगे।

## कलेक्टर के निर्देश पर स्वच्छाग्रहियों दीदियों के स्वास्थ्य एवं सम्मान के लिए नई पहल

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु स्वच्छाग्रही महिला स्वसहायता समूहों को घर-घर कचरा कलेक्शन एवं पृथक्करण के कार्यों तथा संपूर्ण कचरा प्रबंधन की गतिविधियों के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में संलग्न किया गया है। ऐसे में कचरा प्रबंधन के कार्यो में विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट एकत्रीकरण स्वच्छाग्रहियों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। जिससे इन कार्यो में संक्रमण होने की संभावना रहती है ।इसके लिए विकासखण्ड स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वच्छाग्रहियों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच करने के लिए कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया



है ।इसके पालन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है ।कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का ई-श्रम कार्ड निर्माण कर उन्हें सफाई कर्मकार मण्डल से जोड़ा जा रहा है,जिससे उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा ।जिला समन्वयक परवेज हनफी ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाले मेगा स्वास्थ्य कैम्प में भी इसकी मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ से वर्ष में कम से कम एक बार जांच कराया जायेगा। जिससे स्वच्छाग्रहियों दीदीयों का स्वास्थ्य के साथ-साथ मान-सम्मान बना।

## गरियाबंद पुलिस को मिली बडी सफलता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में करोडो का राशि गबन करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों की पतासाजी हेतु एसआईटी टीम का किया गया था गठन



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के द्वारा माह मई 2024 को थाना मैनपुर में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के अंतर्गत करोड़ो का राशि गबन करने वाले कुल-11 लोगों के उपर नामजद एफआई.आर. हेतु आवेदन पेश करने पर थाना मैनपुर में आवेदन जांच पर प्रथम दृष्टिया अपराध का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।मामले की गंभिरता एवं संवेदनशिलता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के निर्देश एवं अति0 पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की पताशाजी हेतु एसआईटी टीम गठित की गई थी ।एसआईटी टीम प्रभारी सुश्री निशा सिन्हा (रक्षक गरियाबंद) व बाजी लाल सिंह एस.डी.ओ.पी मैनपुर,थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा के साथ आरोपी पताशाजी हेतु एसआईटी टीम को सक्रिय किया गया था।

ज्ञात हो कि 18 मई 2024 को गजेन्द्र सिंह ध्रुव मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर के लिखित आवेदन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2019-20 के मध्य तत्कालिक चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य 10 आरोपियों द्वारा कोषालय में बी.टी.आर.तथा बैरर चैक के माध्यम से फर्जी देयक तैयार कर हस्तलिखित मुद्रा का कूटरचना कर राज्य के लोक-लेखा से शासकीय राशि 3,13,43,971रु. (तीन करोड़ तेरह लाख तिरालीस हजार नौ सौ इकत्तर रुपये) का अवैध रूप से आहरण किया गया है। जिसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय से पत्र प्राप्त होने पर उक्त धोखाधड़ी कर आहरित करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरुध्द थाना मैनपुर में 18.05.2024 को लिखित आवेदन पर प्रथम दृष्टिया अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध क्रमांक 54/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 409, 120बी भादवि. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपीगण का पता तलाश दौरान तत्कालीक सहायक ग्रेड 3 विरेन्द्र भण्डारी पिता विष्णु राम भण्डारी उम्र 42 साल निवासी फिंगेश्वर को हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष कथन लिया गया जिसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि घटना समय वर्ष 2016 से 2020 तक यह खण्ड चिकित्सा कार्यालय मैनपुर में लेखा-जोखा का काम करता था इसी के द्वारा जिला कोषालय के गुरूवेन्द पिता स्व0 नकुल साव व डां. के.के.नेगी के कहने पर आपस में षड़यंत्र पुर्वक फर्जी तरीके बी.टी.आर.भरकर अवैध बील बाउचर स्वयं के द्वारा तैयार कर अपने अधिनस्थ कर्मचारी भरत नंदे, विनोद कुमार ध्रुव,भोजराम दीवान,लुकेश चतुर्वेदानी, जी.सी.कुर्रे का बेयरर चेक तथा दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर तथा कोषालय के अधिकारियो के सहयोग से शासकीय राशि का आहरण कर गबन करना स्वीकार किया गया तथा उक्त राशि से खरीदे मो.सा.सुपर स्पेलेन्डर क्रमांक सीजी 23 के 8062 को आरोपी के द्वारा पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है ।आरोपी बिरेन्द्र भण्डारी के खिलाफ अपराध सबुत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तारी का किया गया ।आरोपी बिरेन्द्र भंडारी से शासन की गबन गई राशि बरामद नही होने से 28 मई 2024 तक एक दिवस पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पुन:पुछताछ कर आरोपी बिरेन्द्र भंडारी के कब्जे से गबन की गयी राशि 20000 रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है, प्रकरण में फरार आरोपी में से किशोर कुमार दुबे तथा द्वारिका प्रसाद वर्मा को कवर्धा से गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है आरोपी किशोर कुमार दुबे के कब्जे से गबन की गयी राशि में से 20000 रूपये एवं द्वारिका प्रसाद वर्मा के कब्जे से गबन की गयी राशि में से 25000 रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है।

प्रकरण में लगातार फरार आरोपियों की पताशा जी जारी था इसी दौरान साइबर सेल के मदद से प्रकरण के चार आरोपी विनोद कुमार ध्रुव पिता स्व रामजी ध्रुव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खड़मा थाना छुरा,जिला गरियाबंद,संतोष कोमर्रा पिता स्व गोविन्द राम उम्र 46 वर्ष निवासी मैनपुर-2 थाना सिटीकोतवाली गरियाबंद, जिला गरियाबंद,गुरूवेन्द्र साव पिता नकुल साव उम्र 46 निवासी ग्राम महासमुंद वार्ड नं. 29 रमनटोला,महासमुंद थाना व जिला महासमुंद (छ0ग0) डां.कालेश्वर कुमार नेगी (चिकित्सा अधिकारी) पिता स्व0 रामेश्वर नेगी उम्र 42 साल निवासिबभाठीगढ़ थाना मैनपुर,जिला गरियाबंद (छ0ग0) को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अब तक प्रकरण में कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है,प्रकरण के शेष फरार आरोपीयान की पतातलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा, निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, निरीक्षक पवन वर्मा, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा, प्र. आर. राजकुमार साहू, आरक्षक कोमल घृतलहरे, आरक्षक प्रमोद यादव, साइबर सेल प्र. आर. सतीश यादव, सुशील पाठक, सतीश गिरी की भूमिका सरहनी रही

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 3.25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया

**मुंबई :** विश्व युवा कौशल दिवस पर, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाने पर गर्व है, जिसने अपने विभिन्न कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे भारत में 325,000 से अधिक युवाओं को जोड़ा है। कौशल विकास और आजीविका संवर्धन बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र है, जो सभी सीएसआर पहलों के लिए इसका अम्ब्रेला ब्रांड है। बैंक वर्तमान में विभिन्न राज्यों में कौशल विकास के क्षेत्र में 100 से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें आईटी/आईटीईएस, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और कृषि सहित कई क्षेत्र शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 15 जुलाई 2014 में स्थापित, विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को रोजगार, सभ्य कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के साथ-साथ वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास को आगे बढ़ाने के रणनीतिक महत्व का जश्न मनाता है। कौशल विकास एक वैश्विक मांग है, और कौशल विकास में निवेश करना महत्वपूर्ण बना हुआ है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 15-24 वर्ष की आयु के युवाओं की संख्या 1.2 बिलियन है। यह जनसांख्यिकी 2030 तक 1.3 बिलियन तक बढ़ने का अनुमान है, जो दुनिया की आबादी का 16 प्रतिशत है। भारत एक अद्वितीय स्थान रखता है, जहाँ कुल आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 25 वर्ष से कम आयु का है। हालांकि, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (ह्रस्ष्ठष्ट) के हालिया डेटा से पता चलता है कि आईटी, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में कौशल की कमी है, जो देश के युवाओं को कौशल, अप-स्किल और सही कौशल प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने सेबी में दायर किया डीआरएचपी

साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड (एसएलएसएल या कंपनी), ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

साई लाइफसाइंसेज वैश्विक फार्मास्युटिकल इनोवेटर कंपनियों और जैव प्रौद्योगिकी फर्मों को छोटे अणु नई रासायनिक संस्थाओं (एनसीई) के लिए दवा की खोज, विकास और विनिर्माण वैल्यू चेन में एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी आईपीओ के तहत इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य ?1 प्रत्येक) की पेशकश के जरिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस पेशकश में इस कुल 800 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 61,573,120 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। साई लाइफसाइंसेज ने नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का इस्तेमाल इस तरह करने का प्रस्ताव किया है- (द्व) कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, 600 करोड़ रुपये तक और (द्वद्व) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

## न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

**रा.प्र.क./ 06 /अ-20( 4 )/ वर्ष 2023-24**

कुमार आवेदक तापस कुमार माईती आ. चितरंजन माइती निवासी बैगापारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 28 सी प्लाट नं. 43/1 क्षेत्रफल 13.12 वर्गमीटर भूमि धारक तापस भारती आ. चितरंजन भारती के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा धारक तापस भारती आ. चितरंजन भारती के सरनेम में माइती के स्थान पर भारती त्रुटिपूर्ण दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त सरनेम को सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.07.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वत: या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया। (मुहर)

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

## मैनपुर में मलेरिया से छात्र के मृत्यु के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया स्पष्टीकरण

### मलेरिया संभावित क्षेत्रों में दवाइयां वितरण, जांच एवं सर्वे जारी

**गरियाबंद।** मैनपुर में मलेरिया से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार छात्र के मृत्यु के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्टीकरण जारी किया है ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉ.गार्गी यदु पाल ने बताया कि ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) के छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी,पिता पुनीतराम सोरी,उम्र 7 वर्ष,ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) का पिछले 02 दिनों से बुखार पीड़ित होने की सूचना मिलने पर ग्राम के मितानित मेहतरीन ओटी द्वारा आर.डी.टेस्ट किट से जांच किया गया ।जिसमें पी.एफपॉजिटिव रिजल्ट दिखने पर तत्काल आयुष्मान आरोग्य मंदिर देहारगुडा में प्रात: 11 बजे ले जाकर सीएचओ द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं हीमोग्लोबिन जांच किया गया ।जिसमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 5.1 ग्राम आने पर एवं बच्चे में पालर लक्षण दिखने पर मलेरिया का उपचार के लिए एसीटी कीट (05 से 08 वर्ष) की प्रथम खुराक बिस्कीट एवं गुड़ खिलाया गया तथा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के लिये प्रात: 11:30 बजे रिफर किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि परिजनों के द्वारा बच्चा का दवा सेवन करने के बाद थोडा अच्छा महसुस करने के कारण कुछ देर बाद मैनपुर अस्पताल ले जायेंगे कहकर बच्चे को साथ लेकर अपने घर चले गये। इसके उपरांत भी मितानिन द्वारा बच्चे के घर जाकर प्रत्येक दो घंटे में फालोअप कर स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही थी तथा मितानिन द्वारा बार-बार उन्हें मैनपुर अस्पताल ले जाने कहा गया। किन्तु बच्चे के माता-पिता थोड़ी देर बाद ले जायेंगे कहकर समय टालते गये। इसके पश्चात रात्रि 2 बजे परिजन द्वारा मितानिन को सूचना दी गई की बच्चे की तबयीत बहुत खराब हो गई है, जिसकी जानकारी मिलते ही मितानिन ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस में कॉल कर बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में ले जाया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में ड्यूटी डाक्टर के द्वारा बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सक द्वारा अस्पताल आने के पूर्व ही बच्चे की मृत्यु हो जाने की पुष्टि की गई। सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि विकासखंड मैनपुर के ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) में वर्तमान में मलेरिया पॉजिटिव प्रकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव के मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डायरिया मलेरिया संबंधी जन जागरूकता कैम्पेन सर्वे जांच, स्वास्थ्य सलाह,उपचार तथा मच्छर प्रजनन स्थल स्त्रोत नियंत्रण संबंधी गतिविधियां का आयोजन घर-घर भ्रमण, जन चौपाल स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लगातार की जा रही है। जिले में स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र की जनता को पूरी तरह से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के मलेरिया संभावित जगहों सहित मैनपुर क्षेत्र में मलेरिया के बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम तथा स्कूल,ऑगनबाड़ी,डोर टू डोर मलेरिया सर्वे करने, मलेरिया का चिन्हांकन करने तथा चिन्हांकित धनात्मक मरीजो का उपचार करने हेतु जिला स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सकों (शिशु रोग विशेषज्ञ) चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी विकासखंड मैनपुर में लगाई गई है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नया प्रशासनिक कार्यालय, गांधी मैदान, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
फोन.नं. 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-2227395 E-mail: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक .../ स्टोर / न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 15/7/2024

### "द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना"

नगर पालिक निगम, रायपुर के मुख्यालय के विभिन्न विभागों में स्थापित किये गये प्रिंटर तथा फोटोकॉपी मशीन के निम्नानुसार कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PRINTER & PHOTOCOPIER MACHINE. REFLING& PRINTER CARTRIDGE REPAIRING MAINTENANCE FOR ONE YEAR INCLUDING THEIR PARTS) | रू. 4.00 लाख | रू. 12,000.00 | 1 वर्ष के लिए |

इस हेतु इच्छुक फर्म अपना निविदा एक सीलबंद लिफाफे में नगर पालिक निगम रायपुर के स्टोर शाखा विभाग मुख्यालय कक्ष क्रमांक-406 तृतीय तल नया प्रशासनिक कार्यालय गांधी मैदान बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) में दिनांक 30.07.2024 को सायं 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को इसी दिवस 30.07.2024 को सायं 5.00 बजे खोला जावेगा। उक्त कार्य हेतु पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।

निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम रायपुर के कक्ष क्रमांक-406 स्टोर विभाग से रू. 750/- (सात सौ पचास रूपये) नगद जमा कर कार्यालयीन अवधि में दिनांक 26.07.2024 सायं 5.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**नोट :-** निविदा प्रपत्र रायपुर नगर निगम के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड किये जाने पर निविदा प्रपत्र के राशि रु. 750.00 का डी.डी. पृथक से निविदा के साथ तकनिकी लिफाफा में जमा किया जाना होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दिया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (स्टोर)
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

*घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

# अखंड ब्राम्हण समाज ने प्रतिभावान संस्कृति का किया सम्मान

**रायपुर/समय दर्शन।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर में दिनांक 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया ।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया की संगठन द्वारा समाज उत्थान एवम सनातन धर्म रक्षार्थ हेतु विभिन्न कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किया जाता है इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के दसवी एवम बारहवी बोर्ड परीक्षा 80त्न अंक से अधिक प्राप्त लगभग 50 प्रतिभावान बच्चो का सम्मान किया गया इसी कड़ी में प्रतिभावान छात्रा संस्कृति गौतम जिन्होंने 12 वीं सीबीएसई बोर्ड में कॉमर्स संकाय में 90त्न लाने पर सम्मान किया गया । कुं संस्कृति प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अमित गौतम की सुपुत्री है एवं शुरू से मेघावी छात्रा के रूप में अपनी अलग पहचान बना कर रखी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रमोद दुबे जी सभापति नगर निगम रायपुर ,श्री ज्ञानेश शर्मा जी पूर्व योग आयोग अध्यक्ष एवम एम आई सी मेंबर नगर निगम ,श्री सुनील ओझा जी डायरेक्टर एस के केयर हॉस्पिटल,श्री अरविंद ओझा जी प्रदेश अध्यक्ष वर्ड ब्राहमण फेडरेशन थे ।



कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर एस के शर्मा ने किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सविता विरेंद्र शर्मा,श्रीमती साधना शुक्ला,श्रीमती प्रीति शुक्ला,श्रीमती मल्लिका मिश्रा,सुधीर तिवारी,अमित मिश्रा,प्रदीप मिश्रा,अवधेश धर दीवान,आशुतोष त्रिपाठी,बिपिन पाठक,राजू महराज ,अविनाश शर्मा,संजय तिवारी ,डॉक्टर अनुश्री पाठक,श्रीमती भारती अवतार शर्मा,श्रीमती कविता शर्मा,श्रीमती श्वेता मिश्रा,श्रीमती भारती दुबे,श्रीमती किरण शर्मा,श्रीमती राखी व्यास,विनय दुबे,अखिलेश शर्मा ,विनय दुबे,अथर्व तिवारी,विनय तिवारी आदि का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम के सफल संचालन आशुतोष त्रिपाठी एवम आभार प्रदर्शन अमित मिश्रा ने किया ।

# पिथौरा के बहुड़ा रथ यात्रा में शामिल हुए विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल



■ भगवान जगन्नाथ,भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा के पिथौरा नगर में आज बहुड़ा रथयात्रा के अवसर पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने श्री जगन्नाथ महाप्रभु, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा का मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए सभी को रथ-यात्रा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने पूरे पिथौरा नगर को जोड़ने का काम किया है। पिथौरा की रथ यात्रा देखकर पुरी की रथ यात्रा का आभास हो रहा है। पूरी दुनिया में रथयात्रा के माध्यम से भारतीय सनातन संस्कृति और भगवान राम व श्रीकृष्ण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, जगन्नाथ मंदिर समिति अध्यक्ष प्रेमलाल सिन्हा,रनसाय ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी,किरण अग्रवाल,उषा श्रीवास्तव,क्षमा गोयल, मन्नुलाल ठाकुर,अंजली पांडेय, विधायक प्रतिनिधि द्वय अनूप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, गोलू रावल, संजय गोयल,टूक टूक अग्रवाल, झगरु बरिहा,टीकाराम ठाकुर, रंजीत ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर जनक राम ध्रुव,भूषण सूर्यवंशी टुकटुक अग्रवाल सन्नी रोहिल्ला, देव पटेल, इंदेश्वर सिन्हा, राजू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र भर से भक्त रथ यात्रा में शामिल हुए।

# वन महोत्सव सप्ताह अंतर्गत मिडिल स्कूल अरेकेल में हुआ विविध कार्यक्रम का आयोजन

■ वृक्षारोपण,पर्यावरण को बेहतर बनाने और प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी- पी.सी.साव

**बसना (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत् शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में शिक्षक प्रेमचन्द साव के नेतृत्व में बच्चों द्वारा फलदार, छायादार, औषधियुक्त एवं सजावटी पौधों का रोपण किया गया।एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधे रोपण करते हुए एवं पौधों के लाभ को बताते हुए शिक्षक प्रेमचन्द साव ने कहा कि वृक्षारोपण,पर्यावरण को बेहतर बनाने और प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए ज़रूरी है।अब समय आ गया है कि हम वृक्षारोपण के महत्व को समझें। साथ ही,वृक्षारोपण में योगदान देना हमारा कर्तव्य है। इसके अलावा हमें इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने की दिशा में काम करना शुरू करना चाहिए।वन महोत्सव सप्ताह अंतर्गत 8 से 15 जुलाई तक अरेकेल में छात्र -छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण सहित विविध कार्यक्रम जैसे सार्वजनिक जगहों में वृक्षारोपण कार्य



सहित पेंटिंग प्रतियोगिता,निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। वृक्षारोपण एवं वन महोत्सव सप्ताह में शिवम् देवांगन,रमन साव,छबि गिरी,टोमन देवांगन, पुरूषोत्तम साव,पुस्तम दास, विक्की निषाद,देवनारायण, शरद,रूकमण भोई, सुहाना दास,लता साव,शिखा साव, कुंती साव,वर्षा यादव, लेसिका साहू,विद्या भारद्वाज,सोनम,खुशी,प्रभा, ख्वाईश,कुमोदनी,देविका नंदे आदि बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सभी छात्र -छात्राओं एवं ग्रामीणों को घर,खेत एवं मैदान में एक -एक पौधा लगाकर सुरक्षा हेतु उपाय करने के लिए प्रेरित किया गया। पालकों एवं ग्रामीणों द्वारा पौधा लगाकर सुरक्षित रखने का वचन दिया गया।इस अवसर पर शिक्षक हीराधर साव,राजकुमार निषाद,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष साहेब दास, उपाध्यक्ष नारद नेताम सहित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य गण,ग्रामवासी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# कुर्मी गुंडरा पंचायत में हो रहा वृहद वृक्षारोपण सरपंच पार्वती आडिल का पहल ला रहा रंग



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लाक का कुर्मी गुंडरा पंचायत इन दिनों वृहद वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सहेजने का काम कर रही है सरपंच पार्वती आडिल ने बताया की लोग बहुत तेजी से अपने खेतों के पेड़ो को बहुत कम कीमत में कोचियो को बेच रहे है किसानों के मन में ये बैठ गया है की पेड़ो की छाया की वजह से फसल उत्पादन कम होता है कुछ लोग बंदरो की आतंक की वजह से अपने घर या बाड़ी में लगे पेड़ो को काट रहे है इनका असर पर्यावरण पर पड़ रहा है इस वर्ष अन्य वर्ष की तुलना में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ी पर्यावरण असुंतलन का असर बारिश में देखने को मिल रहा है कही कही खंड वर्षा तो कही बहुत अधिक बारिश हो रही है तो कही पर बारिश ही नहीं हो रहा है पार्वती आडिल ने कहा की हमारा पंचायती राज जब से प्रारंभ हुआ है तब से जल संचय और वृक्षारोपण के कार्यों को प्राथमिकता में रखा गया जगह जगह नालों में चेक डेम स्टाप बनाया गया तो फारेस्ट विभाग और मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण असुंतलन को संतुलित करने प्रयासरत किया जा रहा है विगत वर्ष फारेस्ट विभाग से 6000 पौधे सड़क किनारे लगाया गया स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधे रोपे गए और मनरेगा से नर्सरी में फल दार लगभग 3000 पौधे इस वर्ष रोपे गए शमशान घाट रोड और नए बने तालाबों में पौधारोपण के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है स्वीकृति मिलने पर इन सभी जगह में वृक्षारोपण किया जाएगा

# जिला अस्पताल के शिशु वार्ड का होगा विस्तार, विधायक गजेंद्र यादव ने किया अस्पताल का विजिट

**दुर्ग (समय दर्शन)।** शहर विधायक गजेंद्र यादव ने आज जिला अस्पताल का विजिट किया। ओपीडी पंजीयन काउंटर, एनसीडी सेल और सिकलसेल संगवारी से चर्चा कर मरीजों के कॉउंसलिंग और ईलाज संबंधी प्रभारी डॉक्टर से फीडबैक लिए। मातृ एवं शिशु वार्ड में प्रसूति महिलाओ से भी बात किये। जच्चा बच्चा वार्ड में भीड़ की जानकारी लेने के बाद विधायक श्री यादव ने अलग से शिशु वार्ड बनाने के प्रस्ताव पर पहल करते हुए विभागीय अधिकारियो को प्राकलन तैयार करने निर्देश दिए।

जिला अस्पताल की व्यवस्था देखने विधायक गजेंद्र यादव आज स्वयं जिला अस्पताल पहुँचे और विभिन्न वार्डों का विजिट कर ईलाज कराने आए मरीज और परिजनों से बातचीत कर जानकारी लिए। उन्होंने ओपीडी पंजीयन काउंटर में मरीजों को ज्यादा देर लाइन में नहीं रखने कहा ताकि मरीज शीघ्र ही डॉक्टर तक पहुंच सके। इसके पश्चात विधायक गजेंद्र सिकलसेल काउंटर पहुँचे जहाँ डॉक्टर के. के. जैन ने बताया की सिकलसेल संगवारी कार्यक्रम के तहत मरीजों की कॉउंसलिंग और ईलाज की सतत मॉनिटरिंग की जाती है, उन्हें ईलाज के लिए भटकना न पड़े इसलिए सभी का सिकलसेल कार्ड भी बनाया जाता है, इसके बाद गैर संचारी रोग (एनसीडी) कक्ष पहुँचे जहाँ बीपी शुगर



व सामान्य बीमारी की जांच कराने पहुँचे मरीजों से ईलाज सम्बंधित चर्चा कर हालचाल जाने। विधायक गजेंद्र ने डॉक्टर व अन्य स्टॉफ को मरीजों से संयमित व्यवहार करने और उपलब्ध संसाधनों से बेहतर ईलाज करने निर्देश दिए।

**अलग से बनेगा शिशु वार्ड -** मातृ एवं शिशु वार्ड में विधायक गजेंद्र यादव के निरिक्षण के दौरान भीड़ देखकर सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने बताया की यहां जिलेभर से गर्भवती महिला डिलीवरी कराने आते है। दोनों ही वार्ड एक ही बिल्डिंग में संचालित है, शिशु वार्ड के लिए अलग से नये बिल्डिंग बनाकर विस्तार करने की आवश्यकता है, जिस विधायक महोदय ने इंजिनियर को मौके पर बुलाकर प्रसूति वार्ड से लगे हुए रिक्त स्थान पर नये बिल्डिंग के लिए ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किये और प्राकलन तैयार कर शासन को भेजने निर्देश दिए ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और शिशुओ को स्वच्छ और साफ वातावरण मिल सके। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, आरएमओ डॉ अखिलेश यादव, सीजीएमएससी इंजीनियर ललित वर्मा, मेट्रॉन सिस्टर बोरकर सहित अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निंदा नाश का जड़ है, निंदा करने से बचे- पूरन शर्मा

■ ग्राम छाटा में शिव महापुराण कथा का आयोजन

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम छाटा में चल रही शिवपुराण कथा में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यहां अंडी डोंडो लोहारा वाले पंडितजी के रूप में जानेजाते पंडित पुरन शर्मा द्वारा सुनाई जा रही कथा सुना रहे हैं । जिन्हें सुनने के लिए यहां हजारों लोग आ रहे हैं।






पंडित पुरन शर्मा ने कथा में बताया कि जिस जगह पर मंदार और शमी का पौधा 21 वर्ष तक साथ रहेंगे, उसकी जड में 33 कोटि देवी देवता विराजित रहेंगे। उस घर में अष्ट सिद्धी, नवनिधि की कमी नहीं होगी। गणेशजी कहते हैं कि मेरी आराधना करने वाले शमी व मंदार का पुष्प, दूर्वा के साथ जिस कामना से लाकर अर्पित करेंगे तो उनकी मनोवांछित कामना पूर्ण करूंगा। शमी की एक पत्ती तोडने पर उसमें अंदर भी बहुत पत्तियां होती हैं। सोमवार की अष्टमी, प्रदोष और शिवरात्रि को एक शमी का पत्ता अर्पित करने का भी बहुत महत्व है।उन्होंने किसी की निंदा करने का भी विरोध किया। पंडित पुरन शर्मा ने कहा कि किसी को हल्का और छोटा मत समझो। जब तक उस व्यक्ति से आप नहीं मिल लेते तब तक उसकी निंदा मत करना। उन्होंने बेटियों को शिक्षा देने की वकालत की और कहा कि पुत्र एक कुल को सुधारता है जबकि बेटियां दो कुल सुधारती है। शिवमहापुराण कथा में आयोजक परायण कर्ता सूरज मिश्रा रायपुर, नोहर यादव, मोंगरा यादव, बलदाऊ यादव, एमिन यादव, बलदाऊ यादव, जामवंतिन यादव, हरी यादव, सावित्री यादव, कविता यादव, किरण यादव, सुमन यादव, रेनू शर्मा, पार्वती यादव, उमा निषाद, भगवती साहू, ओम टंडन, शैल बघेल, सरस्वती साहू, उर्वशी साहू, मेघा वर्मा, संजय वर्मा, जगदीश यादव, भगवती विश्वकर्मा, भूषण वर्मा, मानसी वर्मा, भरत वर्मा, भूषणवर्मा, किशन वर्मा, नारायण चेलक, साहेब दास, बलदाऊ , सरोज सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-खबर

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बंसूला में बाल कैबिनेट का हुआ गठन




**बसना ( समय दर्शन )।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बंसूला, बसना में बाल कैबिनेट का गठन अधीक्षिका गीतांजलि नाग, सविता कुमार ,किरण मलिक ,संतोषी साहू एवं रमा साहू की उपस्थिति में किया गया। चयनित सभी पदाधिकारीयों को कर्तव्य एवं निष्ठा पूर्वक काम करने का शपथ दिलाया गया । जिसमें शाला नायिका का चुनाव मतदान प्रक्रिया के द्वारा किया गया ,और अन्य पदों को मनोनीत किया गया । शाला नायिका कु दीप्ति भोई, उपशालानायिका कु प्रिया कर्ष,छठवीं कक्षा नायिका नव्या निषाद सातवीं कक्षा नायिका लवली ठाकुर और आठवीं कक्षा नायिका कोमल चौहान को मनोनीत किया गया । चयनित सभी पदाधिकारी को नाग मैडम ने शुभकामनाएं प्रदान की। वक्त जानकारी प्राथमिक शाला बंसुला के प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ने दी।

### बसना मे जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा रथयात्रा मे उमड़े श्रद्धालु



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा रथयात्रा पर उमड़े श्रद्धालु । मध्याह्न 12:30बजे से 2बजे तक जगन्नाथ महाप्रभु जी का भोगप्रसाद पूजन आरती पश्चात अपरान्ह 3 बजे से थाना परिसर से भगवान जगन्नाथ महाप्रभु, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जी को विधिवत रथ मे शंख घंट एवं झांझ मृदंग की थाप मे गाहक बाहक एवं श्री राम जानकी मंदिर समिति सदस्यों की उपस्थिति में रथ का परिक्रमा कर आरूढ कराये गये। आतिशबाजी, पुष्पवर्षा एवं जय जगन्नाथ महाप्रभु की जयघोष के साथ रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ हिन्दू संस्कृति परम्परा के अनुसार पूजा पाठ कर किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। रथयात्रा में कीर्तन मंडली के विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों से सुसज्जित भक्तिमय वातावरण में नाचते थिरकते चल रहे थे। रथयात्रा में राधे अग्रवाल, रतन अग्रवाल,अशोक जोशी,श्याम लाल अग्रवाल,तरूण दास, अर्चक पुरोहित किशोर दास,संदीप शास्त्री, सुमंत महाराज , जयनारायण अग्रवाल,रामचंद्र अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद बिहारी कर, बलदेव मिश्रा, जगदीश दास,अभय धृतलहरे ,अजय अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,राजेन्द्र अग्रवाल,सेवकदास दीवान,रमेश निषाद, नरेश राणा,सुरेश सोनी,दिनेश साहू,पिन्टूअरोरा, जगदीस सोनी,हितेश साहू, सहित भारी संख्या मे श्रद्धालुगण रथयात्रा में चल रहे थे।

### जिला सहकारी बैंक ठेलका में चोरी का प्रयास,मामला दर्ज

जीवन साहू




**बेमेतरा।** साजा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ठेलका में जिला सरकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग शाखा ठेलका, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान तिजोरी को काटने का प्रयास किया गया । जिसमें असफल रहे। तथा सीसी टीवी कैमरा का डीबीआर, सीपीयू और सर्वर राउटर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर फरार हो गया है।मौके पर बेमेतरा पुलिस अधीक्षक ,उप पुलिसअधीक्षक एवं टीआई थान खमहरिया , बैंक मैनेजर एवं बैंक कर्मचारी मौजूद रहे। मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24